Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 160 | गुरूवार, 12 जून -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## उत्तर प्रदेश के किसानों को मोदी सरकार की सौगात

# मूंगफली और मूंग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की स्वीकृति दी



**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश के किसानों के हित में मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मूंगफली और मूंग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की स्वीकृति दे दी है। उत्तर प्रदेश के किसानों के हित में मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मूंगफली और मूंग को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने की स्वीकृति दे दी है। बुधवार को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हुई।इसमें शाही ने केंद्रीय कृषि मंत्री को अवगत कराया कि जायद 2024-25 में उत्तर प्रदेश में मूंग का आच्छादन 1.60 लाख हेक्टेयर और मूंगफली का आच्छादन 1.74 लाख हेक्टेयर रहा है।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।जायद 2024–25 के लिए मूंग के क्रय का लक्ष्य 34,720 मीट्रिक टन और मूंगफली के क्रय का लक्ष्य 50,750 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है।केंद्र सरकार के इस निर्णय से बड़ी संख्या में प्रदेश के किसान लाभान्वित होंगे।केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह भी आश्वासन दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर मूंगफली और मूंग के क्रय के लक्ष्य में वृद्धि की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, उड़द के क्रय के संबंध में प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसका अनुमोदन भी प्रदान कर दिया जाएगा।किसानों के हित में लिए गए इस अभूतपूर्व निर्णय के लिए कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया है।

## सार संक्षेप

### 'भारत को पड़ोसियों की निगरानी क्षमताओं के बढ़ाना होगा': एयर मार्शल दीक्षित

**नई दिल्ली।**



चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को कहा कि भारत जब अपनी निगरानी क्षमताओं पर विचार करता है तो उसे तेजी से विकसित हो रहे खतरे के परिदृश्य, खासकर उत्तरी पड़ोसियों द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को समझना होगा। थिंक टैंक 'सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज' और 'इंडियन मिलिट्री रिव्यूज' द्वारा सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो-आप्टिक्स पर आयोजित एक सेमिनार में एयर मार्शल दीक्षित ने चीन के सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने हाल ही में पृथ्वी की निचली कक्षाओं में अपने उपग्रहों की परिष्कृत करीबी लड़ाई को प्रदर्शित किया है।चीन 2010 में सिर्फ 36 उपग्रह संचालित कर रहा था, 2024 में ये एक हजार से अधिक थे और इनमें 360 से अधिक खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और टोही कार्यों (आइएसआर) के लिए समर्पित थे।

### 'महायुति स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगी', सीएम फडणवीस ने अफवाहों को लगाया विराम



**अकोला।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि भाजपा नीत महायुति गठबंधन राज्य में आगामी स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगा, लेकिन जहां गठबंधन नहीं हो पाया वहां दोस्ताना मुकाबला होगा।सिंचाई और बिजली उत्पादन परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद फडणवीस मीडिया से बात कर रहे थे। बीएमसी सहित विभिन्न नगर निगमों और अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव पिछले तीन वर्षों से लंबित हैं। फडणवीस ने कहा कि भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष और पार्टी की चुनाव समिति स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित निर्णय लेने के लिए अधिकृत है। आगे बोले कि हमने गठबंधन के रूप में चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। जहां भी गठबंधन कारगर नहीं होगा, वहां दोस्ताना मुकाबला होगा। अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना गठबंधन की दो अन्य पार्टियां हैं।

## पाकिस्तानी आतंकी को उठा लाया अमेरिका

**नई दिल्ली।**




अमेरिका खुद पाकिस्तान को एक्सपोज कर रहा है। कैसे पाकिस्तानी नागरिक दुनियाभर में आतंकी वायरस को फैला रहे हैं। अमेरिका के एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल की तरफ से एक ट्वीट किया गया है। इस ट्वीट में पाकिस्तानी नागरिक को लेकर जानकारी दी गई थी। जिसमें बताया गया कि कैसे कनाडा में रहने वाला एक पाकिस्तानी नागरिक आईएसआईएस को सहायता दे रहा था। आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के प्लान में शामिल था। आतंकी सोच रखने वाला पाकिस्तान सिर्फ अपने देश में आतंकवाद को नहीं फैला रहा है।बल्कि वो तो पूरी दुनिया में इस वायरल को छोड़ने का काम कर रहा है।पाकिस्तान कैसे दुनिया के कोने कोने तक आतंकवाद का वायरस फैला रहा है, एक बार फिर ये साफ हो चुका है।

## 'राजा को मार डालो, नहीं तो मैं मर जाऊंगी'

**इंदौर।**



**प्रेमी राज ने खोले सोनम के रहस्य**

शादी के बाद की रस्में खत्म होने के पहले ही सोनम ने राजा को मारने की ठान ली। उसने 13 मई को ही राज कुशवाहा से मैसेज कर कहा कि मैं थक गई हूं, इसे मार डाल, वर्ना मैं मर जाऊंगी। राज ने इसके जवाब में 'करता हूं' लिखा और विशाल के साथ साजिश में जुट गया। ईस्ट खासी हिल्स पुलिस ने बुधवार रात सोनम, राज, विशाल, आनंद और आकाश से एक साथ पूछताछ की तो राज ने भी सोनम के रहस्य खोलने शुरू किए। उसने कहा कि सोनम की सख्ती के कारण कर्मचारी कम बात करते थे। वह खुद उससे डरता था, लेकिन वह मुझसे प्रेम करने लगी। राजा से रिश्ता तय होते ही सोनम ने राजा को मारने की ठान ली। 11 को उसने राजा से शादी तो कर ली, पर मन में हत्या का विचार चलता रहा। 13 मई को उसने इसी गुस्से में मैसेज भेजा था। राज ने पुलिस को बताया कि सोनम की शादी में वह नहीं गया। वह दो दिन पूर्व ही मामा के यहां शादी का बोलकर चला गया था।सोनम ने रोकने की कोशिश की, मगर उसके भाई गोविंद ने कहा कि राज के पिता नहीं हैं।रस्म करने के लिए राज का जाना जरूरी है।हनीमून पर जाने के पहले राज इंदौर के संगम नगर स्थित खाली मैदान में विशाल से मिला और शिलांग में हत्या की साजिश बनाई। डीआइजी शिलांग ईस्टर्न रेंज डेविड एनआर मार्क डीआइजी के अनुसार सोनम ने 23 मई को बैग में ही मंगलसूत्र और अंगूठी छोड़ दी थी।इस बैग को पुलिस ने होम स्टे से बरामद किया है। जिस दिन मंगलसूत्र मिला, उसी दिन सोनम पर शक हो गया।नई नवेली दुल्हन मंगलसूत्र कैसे बैग में रख सकती है।पूछताछ में पता चला कि सोनम राजा को मारने के बाद बैग लेकर भागना चाहती थी।इत्तेफाक से बैग स्कूटर की डिक्की में नहीं रख सकी और राजा ने होम स्टे पर ही छोड़ दिया।सोनम ने यह भी बताया कि पहले उसका इरादा हादसा बताने का था। राजा को धक्का देकर मारना चाहती थी।

## चीन और पाकिस्तान में मची खलबली

# रक्षा बाजार में भारत की धमक बढ़ाएंगे ये हथियार




**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना हो या उसके ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम करना हो, भारत के स्वदेशी हथियारों और उपकरणों की शानदार क्षमताओं ने वैश्विक रक्षा उद्योग में खलबली मचा दी है।इनमें से ज्यादातर तकनीकी का विकास और निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया है।

इस बीच रक्षा बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास के तहत डीआरडीओ जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित इंडो डिफेंस एक्जिविशन-2024 में अपनी कटिंग एज तकनीक का प्रदर्शन कर रहा है। आइये जानते हैं इन तकनीकों और रक्षा उपकरणों के बारे में। अस्त्र एमके-1 बियांड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल सिस्टम है। इसे लड़ाकू विमानों के लिए बनाया गया है। लड़ाकू विमान से दागी जाने वाली मिसाइल तेजी से पैतरेबाजी करने में सक्षम सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट को तबाह कर सकती है। मिसाइल दिन और रात में हर मौसम में प्रभावी है। अस्त्र एमके-1 मिसाइल की रेंज करीब 110 किलोमीटर है। यानी इस मिसाइल से लैस लड़ाकू विमान 110 किलोमीटर दूर से दुश्मन के लड़ाकू विमान को निशाना बना सकता है। अस्त्र-1 को सुखोई 30 एमके-आइ लड़ाकू विमान और तेजस में लगाया जा चुका है। डीआरडीओ अस्त्र मिसाइल के कई वैरिएंट जैसे अस्त्र एमके-2 और अस्त्र एमके- 3 भी बना रहा है।अस्त्र एमके-3 की अनुमानित रेंज करीब 300 किलोमीटर तक है। इन मिसाइलों को वायुसेना को सौंपे जाने के साथ ही भारत वियांड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा।

रिमोटली आपरेटेड व्हीकल (आरओवी) दक्षः आरओवी इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस की पहचान और हैंडव्लग के लिए एक उपयोगी उपकरण है।इसका उपयोग वातावरण में परमाणु और रासायनिक तत्वों के स्तर का सर्वेक्षण और निगरानी करने के लिए भी किया जा सकता है।आरओवी सीढ़ियां चढ़ सकता है और यह लगातार 3 घंटे तक काम कर सकता है।आरओवी को 100 मीटर की दूरी पर फाइबर ऑप्टिक संचार द्वारा या वायरलेस संचार के जरिये 500 मीटर की दूरी से नियंत्रित किया जा सकता है।

## राजस्थान में प्रारंभिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में होगा बदलाव

जयपुर। राजस्थान की भाजपा सरकार प्रारंभिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रही है।नए पाठ्यक्रम में छात्रों को महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी और वीर दुगार्दास जैसे महान योद्धाओं के साथ सुभाष चंद्र बोस, दयानंद सरस्वती, सरदार बल्लभाई पटेल और गोविंद गुरु जैसे महापुरुषों के बारे में जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रविधानों के आधार पर होगा छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास, वीर योद्धाओं के पराक्रम और प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के बारे में भी पढ़ाया जाएगा।

## ट्रंप प्रशासन कर रहा ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ परमाणु पनडुब्बी डील की समीक्षा

**वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के काल में ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन के साथ किए गए सैकड़ों अरब डॉलर के रक्षा समझौते (एयूकेयूएस) की समीक्षा कर रहा है। इस समझौते के तहत ऑस्ट्रेलिया को पारंपरिक हथियारों से लैस परमाणु पनडुब्बियां हासिल करने की अनुमति दी गई थी।पेंटागन के नेतृत्व में की जा रही यह समीक्षा ऑस्ट्रेलिया के लिए चिंता का सबब बन सकती है क्योंकि चीन की सैन्य ताकत में बढ़ोतरी के मद्देनजर वह इन पनडुब्बियों को अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है। यह समीक्षा ब्रिटेन की रक्षा योजना में भी बाधा डाल सकती है।एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बताया, "हम एयूकेयूएस की समीक्षा कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पूर्ववर्ती प्रशासन की यह पहल वर्तमान राष्ट्रपति के अमेरिका फ?र्स्ट एजेंडे के अनुरूप है।एयूकेयूएस के लिए प्रशासन के दृष्टिकोण में किसी भी परिवर्तन के बारे में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उचित समय पर बताया जाएगा।" एयूकेयूएस को 2021 में चीन की बढ़ती शक्ति के प्रति साझा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया था।इसे आस्ट्रेलिया को हमलावर परमाणु पनडुब्बियां और हाइपरसोनिक मिसाइलें जैसे अन्य उन्नत हथियार हासिल करने की अनुमति देने के लिए डिजायन किया गया था।

## दिल्ली-यूपी समेत प्रचंड गर्मी की चपेट में उत्तर भारत

**नई दिल्ली।**



भीषण गर्मी व लू से पूरा उत्तर भारत बेहाल है। मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज गर्मी से झुलस रहे हैं।दिन के साथ रातें भी गर्म होने से उमस बढ़ी है।पंजाब में बठिंडा का तापमान लगातार दूसरे दिन 45.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

राजधानी का तापमान भी 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है, लेकिन हीट इंडेक्स 50.8 डिग्री तक पहुंच गया।मौसम विभाग ने पूर्व में जारी यलो अलर्ट को बदलकर रेड अलर्ट कर दिया है। 'रेड अलर्ट' में लोगों को सीधे धूप से बचने और विशेष रूप से दोपहर के समय घर बाहर जाने से बचना चाहिए। बुधवार को दिल्ली में लगातार तीसरे दिन तेज धूप और 20 से 40 किमी प्रति घंटे की गर्म हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया।एसी भी बीच-बीच में खराब होने लगे, जबकि छतों पर रखी टंकियों का पानी बिना गीजर के उबलता हुआ मिला। उत्तर प्रदेश का लगभग एक तिहाई हिस्सा भीषण गर्मी से झुलस रहा है। सोमवार को 24 जिले में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान रहा। दक्षिणी-पश्चिमी हिस्से को अब भी लू से राहत नहीं मिलती दिख रही है।हालांकि पांच जिलों में लू का प्रभाव काफी कम हो गया है, लेकिन अब भी 20 जिलों में लू के आसार बने हुए हैं।मौसम विभाग ने दिन के साथ रात भी गर्म होने की चेतावनी जारी की है। 15 जिलों में यलो व पांच में आरेंज अलर्ट है।सर्वाधिक तापमान उरई में 45.2 दर्ज किया गया। राजस्थान के साथ लगते हरियाणा के नौ जिलों में भी लू का रेड अलर्ट जारी किया गया है। सिरसा का अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। बिहार में पटना का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 42.8 डिग्री सेल्सियस के साथ बक्सर प्रदेश में सबसे गर्म रहा।

## संपादक की कलम से

# ये तपतपाए दिन

राजधानी दिल्ली का मौसमी तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान राज्यों के कई क्षेत्रों का तापमान 47-48 डिग्री को भी पीछे छोड़ चुका है। ऐसा लग रहा है मानो आग बरस रही हो! यदि आप अपने ही घर में वातानुकूलित कमरे से दूसरे कमरे में जाएंगे, तो आपका सामना आग के तूफान से होगा। हवा में इतनी तपन है। बीता 9 जून अभी तक सबसे गर्म दिन आंका गया है, जिस दिन बिजली की मांग चरम तक पहुंच गई और 241 गीगावाट की मांग दर्ज की गई। नतीजतन केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय एयरकंडीशनर के नए मानक तय करने को विवश हुआ है। जब नए मानक बनकर लागू किए जाएंगे, तब एसी 20-28 तापमान के बीच ही चला सकेंगे। फिलहाल न्यूनतम तापमान 16 है। बहरहाल पूरे उत्तर भारत में आग बरस रही है और लू चलने की चेतावनियां दी जा रही हैं। पहाड़ी इलाकों में भी तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है। लू जानलेवा स्थिति है, लिहाजा इसे चिकित्सीय आपातकाल माना गया है। लू लगने के सामान्य लक्षण ये हैं कि मानवीय शरीर का तापमान 104 डिग्री फॉरेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) तक बढ़ जाता है। वह तेज बुखार की स्थिति है। बीते साल 18 जून तक लू (हीट स्ट्रोक) के 40,000 से अधिक मामले सामने आए थे। लू और तपतपाई गर्मी के कारण 110 लोगों की मौतें भी दर्ज की गई थीं। 2022 में तो 730 मौतें दर्ज की गईं। शायद यही बुनियादी कारण है कि मौसम विभाग लगातार रेड, येलो, ऑरेंज अलर्ट जारी कर रहा है। इस धधकते, तपते मौसम में सबसे बड़ा संकट खुले में काम करने वाले कामगारों के लिए है। भारत में 65-70 फीसदी कामगार इस भीषण गर्मी में भी काम करने को विवश हैं, क्योंकि उनका घर-परिवार दिहाड़ी पर ही चलता है। इस संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण है। आयोग ने राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि वे कमजोर लोगों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल एहतियाती कदम उठाएं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस वी. रामसुब्रह्मण्यन ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण होने वाली मौतों की रपट का संज्ञान ले और राज्यों को निर्देश दे। एनसीआरबी की रपट के मुताबिक, 2018 से 2022 के बीच गर्मी और लू के कारण देश में 3798 लोगों की मौतें हुईं। मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को जारी पत्र में लिखा है कि गर्मी और लू की लहरों के प्रभाव को कम करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के दिशा-निदेर्शों का प्रभावी तौर पर पालन करना चाहिए, ताकि संभावित नुकसान को रोका जा सके। बहरहाल बीते कई वर्षों से हमारे संवेदनशील प्रशासन ने मौसम की चरम स्थितियों में नियोक्ताओं के लिए कुछ सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मसलन-ऐसे तपतपाए दिनों में दोपहर 12.30 बजे से सायं 4.30 बजे तक खुले में काम कराने पर रोक लगाई गई है। कामगारों के लिए छायादार जगह और ठंडा पेयजल भी होना अनिवार्य है। महानगरों और बड़े शहरों में बिजली की आपूर्ति पहले की अपेक्षा सुधरी है, लिहाजा काम करने की जगह भी पंखे की मौजूदगी होने लगी है, लेकिन गांव-कस्बों में अब भी घंटों बिजली के कट लगाए जा रहे हैं, वहां आम आदमी और कामगार दोनों ही परेशान हैं। बहरहाल हमारी व्यवस्था में अब भी बहुत कुछ बदला और सुधारा जाना है। ये तपतपाए दिन जलवायु-परिवर्तन की भी देन हैं। मौसम का चक्र बदलता जा रहा है। कुछ दिन पहले तक खूब बारिश हो रही थी, लेकिन बीते सात दिनों में ही तापमान में 8-13 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। उत्तर-पश्चिम भारत में पश्चिमी हवाएं चल रही हैं, जो पाकिस्तान के रेगिस्तानी इलाकों से आ रही हैं। खाड़ी देशों, खासकर इराक, सऊदी अरब के अधिकांश इलाकों में तापमान बीते एक सप्ताह से 46 डिग्री के आसपास है। पाकिस्तान के इलाकों में भी करीब 47 डिग्री सेल्सियस का तापमान है।



ललित शर्मा
संपादक

# गलतियों से सबक लेकर आगे बढ़ रही है भाजपा, पार्टी के शीर्ष नेताओं की साफगोई कमाल की रही

डिजिटल मीडिया वर्ग के साथ संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इस समय भाजपा की ओर से मोदी सरकार की उपलब्धियों का जोरशोर से प्रचार देशभर में किया जा रहा है। इस क्रम में प्रेस कांफ्रेंसों के अलावा समाज के विभिन्न वर्गों के बीच भाजपा के नेता पहुँच कर मोदी सरकार की जन-कल्याणकारी नीतियों की चर्चा कर रहे हैं। ऐसा ही एक कार्यक्रम भाजपा की ओर से दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया जिसमें डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों को देशभर से बुलाया गया और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके साथ खुलकर संवाद किया। यह वाकई ऐसा कार्यक्रम था जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता बेझिझक सारे सवालों के जवाब दे रहे थे। देखा जाये तो आज के इस युग में डिजिटल और सोशल मीडिय ही सबसे बड़ी ताकत बन चुका है इसलिए इस मंच के महारथियों के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं का सीधा जुड़ाव एक अभिनव पहल भी थी। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय और पार्टी के सारे राष्ट्रीय प्रवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान एक पावरप्वॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिये अश्विनी



वैष्णव ने उन बड़ी पहलों का जिक्र किया जिससे देश में व्यापक रूप से बदलाव आया और विकसित भारत का आधार तैयार हुआ। अश्विनी वैष्णव ने विपक्ष की ओर से अक्सर उठने वाले सवालों के जवाब भी अपनी प्रेजेंटेशन के जरिये दिये जिससे कई चीजें स्पष्ट हुईं और भ्रम का वातावरण छँटा। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने डिजिटल मीडिया प्रतिनिधियों से सीधे संवाद में स्वीकार किया कि पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी अति-आत्मविश्वास का शिकार हो गयी थी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह बात मानी कि हमने इस बात पर ठीक से ध्यान नहीं दिया कि 'अबकी बार 400 पार' के नारे का विपरीत असर हो रहा है। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने यह भी माना कि आरक्षण के विरोध में जो बात निचले स्तर तक कांग्रेस और उसके एनजीओस ने पहुँचा दी थी उसे भांपने में हमसे देरी हुई और जब तक हमने कदम उठाये तब तक काफी देर हो चुकी थी। पार्टी नेताओं ने यह भी माना कि कई जगह उम्मीदवारों के चयन में खामियां थीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि दरअसल लगातार जीत मिलने पर इस तरह का अति-आत्मविश्वास ऊपर से लेकर नीचे तक आ जाता है जिसका दुष्परिणाम देखने को मिला। पार्टी के नेताओं ने माना कि अक्सर भाजपा के नेताओं और कार्यकताओं की गलतबयानी से पार्टी के लिए शर्मिंदगी हो जाती है, खासकर चुनावों के समय दिये गये विवादित बयानों से ज्यादा असहज स्थिति उत्पन्न हो जाती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि अब वह उम्मीदवार चयन के लिए पैमानों को और कड़ा बना रहे हैं। पार्टी नेताओं ने यह भी कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियां बेशुमार हैं और विपक्ष अब तक हमारी एक भी उपलब्धि को नकार नहीं पाया है। पार्टी नेताओं ने कहा कि विपक्ष सिर्फ विदेशी मामले जाकर देशी राजनीति में हंगामा करना चाहता है लेकिन जनता इसको स्वीकार नहीं करती। पार्टी नेताओं ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है और लोकसभा चुनावों के दौरान दिये गये एक विवादित बयान का मुद्दा सुलझ चुका है। भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव को लेकर पूछे गये सवाल पर भी शीर्ष नेताओं ने कहा कि संघ और पार्टी के बीच कोई मतभेद नहीं है। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावनाओं से इंकार करते हुए पार्टी नेताओं ने कहा कि हाल-फिलहाल इसकी संभावना नहीं है। राहुल गांधी की ओर से संवैधानिक संस्थानों पर लगाये जाने वाले आरोपों पर पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता उनके आरोपों पर नहीं बल्कि हमारे संस्थानों पर विश्वास करती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि जनता के बीच होने वाले तमाम सर्वेक्षण इस बात को दशार्ते हैं कि राहुल गांधी के मुकाबले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज भी शीर्ष पर बनी हुई है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने यह स्पष्ट किया कि नीतीश कुमार ही एनडीए का मुख्यमंत्री चेहरा होंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार का वोट उनके साथ दृढ़ता से खड़ा हुआ है। पार्टी नेताओं ने कहा कि लेकिन बिहार में टक्कर बराबर की लग रही है। हमें यह देखना है कि हम आगे कैसे निकलेंगे।

## उदय किशोर साह



### दहेज प्रथा की हो विदाई

कविता

बिना दहेज लिये बहू को घर लाना
गरीब कन्या से विवाह है रचाना
सुख समृद्धि से भरा हो आशियाना
प्रेम मोहब्बत का मिले। नजराना

दुल्हन ही है शादी का एक उपहार
शादी को मत बनाओ एक व्यापार
गरीब बेबस का हो जग में उपकार
सूकून से गुजरे दामपत्य संसार

कोर्ट कचहरी का ना हो चक्कर
नारी प्रताड़ना का ना हो टक्कर
दहेज उत्पीड़न में नारी जले अक्सर
समाज में बन्द हो ये पाप का मंजर

दहेज के खातिर प्रताड़ित है नारी
हर गाँव शहर में कहर है। जारी
कानून मूक बना जहाँ पे हारी
बिटिया रो रही विपदा में बेचारी

बिना दहेज का विवाह जो रचाया
हँसी खुशी का जीवन वो है पाया
थाना कचहरी का फेरा ना लगाया
गरीब कन्या से जो रिश्ता है बनाया

दहेज के लालची का हो बहिष्कार
कोई बेटी बहू ना हो पाये शिकार
सोंच समझ कर जोड़ना परिवार
बदल दो जमाना ओ समाज के कर्णधार

ससुराल में मान सम्मान पाये जमाई
घर में दुल्हन की हो नित्य ही बड़ाई
बिना दहेज का जहाँ बजा हो शहनाई

# धर्म के आवरण में दरिंदिगी:कुछ तो गड़बड़ है

हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम,स्वामी चिन्मयानंद,गुरमीत राम रहीम,स्वामी नित्यानंद,दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं,भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी,राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आये व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो 'धर्म क्षेत्र' में इसतरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गयी। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया ,यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई-तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी,चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालाँकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुये हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है। एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकार्ड में नहीं आ पाते। अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ़्रीका,स्वीडन,संयुक्त राज्य अमेरिका, इंग्लैंड, मिस्त्र, फ़्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं। परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों,मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहाँ महंत, पुजारी,पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूँकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ़्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ़्तार किया। इसी तरह कुछ समय पूर्व दिल्ली के द्वारका में बाबा मसानी नामक एक 'राक्षस' को पुलिस ने गिरफ़्तार किया। इसने पहले तो एक महिला से पांच लाख रुपए मांगे। बाद में पैसे न मिलने से खिन्न इस दुष्ट ने उस महिला को नशीला पदार्थ खिलाकर उससे बलात्कार किया। यह बाबा माता मसानी चौकी के नाम से अपना दरबार चलाता है। यह यू ट्यूबर भी है। ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था। 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ़्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है। इसकी वजह यह है कि एक तो धार्मिक संस्थान समाज में सम्मानित स्थान माने जाते हैं।



निर्मल रानी

# पृथ्वी की उष्णाता और जटिल समाधान भविष्य ऑक्सीजन के बगैर?



संजीव ठाकुर

आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है।

जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए। महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा। भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा।

इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है, जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना, पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे। विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 141 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डॉ. पुष्कर मिश्र की ऐतिहासिक एवं सफल रूस यात्रा पर रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने बधाई दी

वेलकम इंडिया



**रामपुर।** रामपुर रजा पुस्तकालय के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र की ऐतिहासिक एवं सफल रूस यात्रा पर रामपुर के सांसद श्री मोहिबुल्लाह नदवी ने रामपुर रजा पुस्तकालय आकर उत्साहपूर्वक बधाई दी। उन्होंने डॉ. मिश्र के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. पुष्कर मिश्र ने रामपुर रजा पुस्तकालय को वैश्विक मानचित्र पर गौरवपूर्ण स्थान दिलाने का कार्य किया है, जो समस्त रामपुर वासियों के लिए अत्यंत गर्व की बात है। सांसद महोदय ने यह भी कहा कि डॉ. मिश्र के दूरदर्शी नेतृत्व में रामपुर रजा पुस्तकालय विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालयों की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। विशेष रूप से 'बोलती किताबों' की अवधारणा को रूस में विभिन्न देशों के पुस्तकालय विशेषज्ञों ने अत्यधिक सराहा, और अपने-अपने देशों के पुस्तकालयों में इसे लागू करने हेतु रामपुर रजा पुस्तकालय से मार्गदर्शन और सहयोग की मांग की। सांसद महोदय ने कहा कि डॉ० पुष्कर मिश्र के नेतृत्व में रामपुर रजा पुस्तकालय दुनिया का पहला पुस्तकालय होगा जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आधारित संवाद प्रणाली पाठकों को किसी भी पुस्तक के विषय में संवाद के माध्यम से त्वरित और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम होगी, जो रामपुर रजा पुस्तकालय को विश्व में प्रथम स्थान पर ले जाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सांसद महोदय द्वारा रूस में डॉ. मिश्र द्वारा प्रस्तुत नवाचार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आधारित संवाद प्रणाली को एक अद्वितीय पहल बताया गया। सांसद श्री नदवी ने रामपुर रजा पुस्तकालय को एक बहुभाषायी एवं बहुसांस्कृतिक वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित होते देखने की शुभकामनाएँ दीं और यह आश्वासन भी दिया कि इस दिशा में पुस्तकालय को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य है कि डॉ. पुष्कर मिश्र हाल ही में रूस यात्रा पर थे, जहाँ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पुस्तकालय मंच में रामपुर रजा पुस्तकालय की नवीन पहलों को प्रस्तुत किया और भारत की ज्ञान परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

रूसी लाइब्रेरी एसोसिएशन (आरएलए) द्वारा आयोजित अखिल रूसी लाइब्रेरी कांग्रेस रूसी लाइब्रेरी क्षेत्र के लिए एक प्रमुख आयोजन है। इस वर्ष, 29वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 26 से 29 मई तक रूस के इजेस्क शहर में आयोजित किया गया था।

# गैर इरादतन हत्या करने वाले मामले में अभियुक्त को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर**, मंडलसेरा निवासी एक युवक की मारपीट से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत होने पर कोतवाली पुलिस ने मामले में पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।एक जून को हुए घटनाक्रम में मृतक के पिता ने आरोपी गौरव कुमार उर्फ गोलू पुत्र रमेश राम निवासी ग्राम भूल्यूडा मंडलसेरा के खिलाफ अपने पुत्र पुत्र दीपक रौतेला उम्र 24 वर्ष के साथ मार-पीट कर गाढ़ गांव को जाने वाले पैदल पुल से जान से मारने की नीयत से नीचे गधेरे में धक्का देने से उसके गम्भीर रूप से चोटिल होने, बेटे के सिर, गर्दन एवं कमर में गंभीर चोटे आने और फिर उसके उपचार हेतु बरेली स्थित राधिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार चलने, और इलाज के दौरान बेटे की मौत होने की तहरीर कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ में धारा 110 बीएनएस बनाम गौरव उर्फ गोलू पंजीकृत कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया।आरोपी उक्त घटना को घटित करने के बाद से ही फरार चल रहा था।घटना की गम्भीरता को देखते पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके द्वारा मुकदमे के शीध्र अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन कर आश्यक दिशा निर्देश दिए गए। क्षेत्राधिकारी अजय साह के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम, टेक्निकल टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास व आने-जाने वाले रास्ते की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, चैक किये गये। अभियुक्त अपनी गिरफ़्तारी से बचने के लिये पुलिस को चकमा देकर लगातार अपना स्थान बदल रहा था।धारा 110 बीएनएस को 105 बीएनएस में तरमीम किया गया।जिसके बाद फरार आरोपी को पुलिस द्वारा तकनीकी टीम की मदद से गिरफ्तार किया गया।जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया है। आरोपी का 132/20 धारा 354क, 506, 504 बीएनएस में आपराधिक इतिहास है।गिरफ्तार करने पुलिस टीम में कोतवाल कैलाश नेगी,उपनिरीक्षक बलवन्त सिंह कम्बोज, अपर उनि. प्रदीप सिंह गर्बयाल ,साइबर सैल/टेक्निकल टीमके जानकार और विशेषज्ञ माने जाने वाले चन्दन कोहली ,हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार और जयकुमार, आदि मौजूद थे।

# एक पेड़ मां के नाम मां के सम्मान कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में हुआ वृक्षारोपण



वेलकम इंडिया

गरुड़, भाजपा गरुड़ मंडल इकाई द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम मां के सम्मान कार्यक्रम के तहत मंडल अध्यक्ष सुनील दोसाद के नेतृत्व में लौबाज में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।अभियान में दर्जनों फलदार और चारा प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम संयोजक बहादुर कोरंगा औ? मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में लौबाज में भैरव नाथ मंदिर में पौध रोपण का कार्य किया गया। साथ ही उनके संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, जगदीश आर्य, चंदन बोरा, प्रदीप गुरुरानी, हरीश रावत, दिनेश बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# एनसीसी कैडेट्स व छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जग




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** देवता महाविद्यालय मोरना बिजनौर में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर डॉ. सुनीता देवी ने कमान अधिकारी 9 यू. पी. बालिका वाहिनी एनसीसी मुरादाबाद के आदेशानुसार मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेट्स व अन्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना एवं उन्हें सतत जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कॉलेज के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. सूरजभान सिंह ने बताया कि यह अभियान भारत में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा शुरू किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवन शैली को बढ़ावा देना है आपने वहां पर उपस्थित सभी से अनुरोध किया कि आप सभी को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीना है। डॉ. अमित कुमार समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष ने भी इस विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को धरती को बचाने के लिए छोटे-छोटे बदलाव अपने जीवन में लाने होंगे। कॉलेज के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार सिंह एवं प्राचार्य डॉ. लोकवीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स की इस पहल की सराहना करते हुए इस समाज के लिए एक सकारात्मक उदाहरण बताया। वहां पर उपस्थित सभी ने पेड़ों की देखभाल करने, पर्यावरण के प्रति सजग रहने तथा समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमें कैडेट मोनी जॉन्स, वैशाली, लिप्सी चौहान, कनक शर्मा, स्वाति आदि ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. राजीव कुमार, डॉ रशीद खान, डॉ. अजीत कुमार, डॉ. सुमित्रा देवी, पदम सिंह, दिनेश वर्मा, मनमोहन सिंह आदि मौजूद रहे अंत में एनसीसी प्रभारी ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया।

# डंपर की चपेट में आने से 5 वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत



वेलकम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर नजीबाबाद बच्ची के पिता सहदेव माता अर्चना देवी व मामा राहुल हरिद्वार से गंगा स्नान करते हुए नजीबाबाद उतर गए दरियापुर ब्लड बैंक के समीप पिता सहदेव बच्ची को गोद मे लेकर खड़े थे तथा सयालीपुर कोटा जाने के लिए गाड़ी का इंतजार कर रहे थे तभी तीव्र गति से आ रहे डंपर ने बच्ची के पिता सहदेव को जोरदार टक्कर मार दी जिससे 5 वर्षीय बच्ची जिज्ञासा पिता सहदेव की गोद से गिरकर डंपर के नीचे आ गई और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई परिजनो मे चीख पुकार मच गई डंपर चालक डंपर को छोड़कर मौके से फरार हो गया तभी तुरंत मौके पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर परिजनों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और डंपर को सीज कर दिया गया है और जाम खुलवाया

# राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक सादगी से मनायी गई

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के तत्वावधान में जननायक, किसानों के मसीहा, प्रेरणा स्त्रोत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व० राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक सादगी से मनायी गई। विचार गोष्ठी में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रचार मंत्री डॉ० मनोज कटारिया ने प्रेरणा स्त्रोत स्व० राजेश पायलट को श्रध्दासुमन अर्पित करते हुए कहा कि एक ऐसा व्यक्तित्व जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित कर दिया। किसानों के मसीहा, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और गरीबों के सच्चे हमदर्द स्व० राजेश पायलट हमेशा हम सब के दिलों में एक विशेष स्थान रखेंगे। उन्होंने कहा कि उनके निधन से हुई समाज की अपूर्णीय क्षति आज भी महसूस होती है और उनके विचार, उनकी सादगी एवं उनका जनसेवा का जज्बा हमें निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने हमेशा राजनीति को सेवा का माध्यम माना और आम आदमी की आवाज बनकर खड़े रहें। विचार गोष्ठी में स्व० राजेश पायलट की 25 वीं पुष्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जनपद के ग्राम मंझौला गुर्जर में डॉ० मनोज कटारिया के निवास स्थान पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं शिक्षाविद ओमवीर सिंह भड़ाना की अध्यक्षता और वेदपाल सिंह जिन्दल के संचालन में आयोजित विचार गोष्ठी में धर्मपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, राजपाल सिंह, नरेशपाल सिंह, टीकाराम सिंह, सुरेश कुमार, राजीव कुमार, विरेन्द्र सिंह, वरूण कुमार, राजेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह, पवन कुमार, संजीव कुमार, संजय सिंह, महावीर सिंह, महीपाल सिंह, मोहित कुमार, कमल सिंह, परवीन सिंह, सतीश कुमार, तिलक राम सिंह एवं देवेन्द्र सिंह आदि ने श्रद्धेय राजेश पायलट को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# ज्येष्ठ मास के पांचवें आखिरी बड़े मंगल पर भंडारे आयोजन

वेलकम इंडिया



अयोध्या/प्रभु श्री राम जी नगरी अयोध्या में सिविल लाईन स्थित गांधी पार्क में दिनांक 10/6/2025 को दहकती खबरें राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल की तरफ से ज्येष्ठ मास के पांचवें आखिरी बड़े मंगल पर एक विशालकाय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमान जी के प्रति अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया,भंडारे का संचालन डॉ तेज बहादुर सिंह पत्रकार तरूण मित्र ने किया, उनके अच्छे संचालन से आये हुए सभी अतिथियों एवं भक्तों का मन मोह लिया, साथ ही पत्रकार तेज बहादुर सिंह ने सभी श्रद्धालुओं अपील करते हुए कहा कि ये भंडारा आपसी सौहार्द्र एवं ईश्वर के प्रति समर्पित अपनी श्रद्धा आस्था का प्रतीक है जिसमें सभी सम्प्रदाय के लोग भंडारे में बढ़-चढ़ कर सामिल होते हैं, उसके बाद दहकती खबरें राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र एवं न्यूज चैनल के सम्पादक सिराज अहमद ने बताया कि आज हमारे समाचार पत्र की तरफ से विशालकाय भंडारे का आयोजन प्रभु श्री की नगरी अयोध्या में करने का जो शुभ अवसर प्राप्त हुआ है इसके लिए हम अपने आप को बहुत ही सौभाग्यशाली मानते हैं साथ ही भंडारे में आए हुए सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं एवं भंडारे के संचालक डॉ तेज बहादुर सिंह के साथ हमारे समाचार पत्र से अयोध्या से जुड़ी ब्यूरो चीफ नीलम सिंह जी एवं संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी जी का हार्दिक आभार प्रकट करते हैं और इस वर्ष की तरह प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा, हमें किसी जाति विशेष से मतलब नहीं है हम सभी एक ही है चाहे वह हिंदू हो मुस्लिम हो पंजाबी हो सिक्ख ईसाई कोई भी हो हमारे लिए सभी एक है,हम सब एक हैं इन्सानियत ही पहला धर्म है, उसके बाद नीलम सिंह ब्यूरो चीफ ने बताया कि हम सभी एक है हिन्दु मुस्लिम सिक्ख ईसाई सभी हैं भाई भाई, भंडारे में प्रसाद के रूप में पुड़ी, छोला , चावल के साथ उत्तम मिष्ठान की व्यवस्था की गयी थी, भंडारे में सर्व प्रथम अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पुजा अर्चना की, उसके बाद अयोध्या तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने भी हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रसाद का भोग चढ़ाकर पूरे मंत्रोच्चार के साथ भंडारे में प्रसाद वितरण की शुरूआत की, उसके बाद भंडारे में आये हुए सभी मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र भेंटकर दहकती खबरें राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक सिराज अहमद, उप सम्पादक इम्तियाज अहमद एवं संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी ने सम्मानित किया, भंडारे में लखनऊ से आए सिराज अहमद सम्पादक,उप सम्पादक इम्तियाज अहमद एवं नीलम सिंह ब्यूरो चीफ, अरविंद कुमार तिवारी संवाददाता ने दूरदराज से आए हुए सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया, भंडारे में आए हुए सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर का बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक से प्रसाद का आनंद लिया, भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य, अयोध्या पूर्व महापौर श्रषिकेश उपाध्याय, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, अंकुर सिंह,आर पी सिंह अयोध्या ए आर टी ओ, अरून कुमार द्विवेदी टी एस आई,मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान, के साथ दहकती खबरें राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक सिराज अहमद, उप सम्पादक इम्तियाज अहमद, गोपी रावत मशीन मैन हेड आफिस दहकती खबरें लखनऊ, विजय राज साहु ब्यूरो चीफ शुभ उपकार हिन्दी दैनिक समाचार पत्र,नीलम सिंह अयोध्या ब्यूरो चीफ, संवाददाता अरविंद कुमार तिवारी, अयोध्या नगर कोतवाली प्रभारी अश्विनी पांडेय , अजय यादव डिप्टी मैनेजर अमर उजाला लखनऊ, एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# संत कबीर जयंती पर शोभायात्रा का आयोजन


वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर।** संत कबीर साहेब के प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर भुइयार समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में नगर में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया । यह शोभायात्रा समाज की सांस्कृतिक चेतना, एकता और संत कबीर के आदर्शों को जन जन तक पहुँचाने का एक जीवंत माध्यम बन गई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं जालौन के जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी ने युवाओं से समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आवाह्न किया। शोभायात्रा ने कलेक्ट्रेट, विकास भवन, डाकघर सिविल लाइंस होते हुए राजमिलन बैंकट हॉल तक का भव्य मार्ग तय किया। शोभायात्रा में बड़ी तादाद में लोग रहे। कुछ बाइक और ट्रैक्टर ट्राली में सवार थे तो बड़ी संख्या में पैदल लोग भी शामिल रहे। शोभायात्रा में संत कबीर साहब से जुड़ी मनमोहक झांकियां, बैंड और धार्मिक गीतों की धुनें शामिल थीं। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के माध्यम से यात्रा का स्वागत किया गया। कई समाजसेवी संस्थाओं ने शिविर लगाकर शर्बत वितरण किया। यात्रा के गन्तव्य पर पहुँचने पर बडी तादाद में लोगों ने भण्डारा प्रसाद ग्रहण किया। समिति अध्यक्ष करनपाल भुइयार, कार्यकारी अध्यक्ष बलवंत सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष सिंह, मंत्री ओंकार सिंह, महा सिंह, शेर सिंह, गोपाल सिंह, गजेंद्र सिंह एडवोकेट, नरेंद्र सिंह, भोले शादीपुर, विजयपाल प्रधान, महेश प्रधान, नाथे सिंह भुइयार, रोहित कुमार एवं सुरेश भुइयार, भुइयार समाज उत्थान समिति नूरपुर क्षेत्र के अध्यक्ष कैलाश सिंह सभासद, महामन्त्री बिजेन्द्र भुइयार, डॉ. कैलाश भुइयार, महेश एडवोकेट, प्रेमचंद भुइयार, अक्षय भुइयार,अजय भुइयार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# माहे ने टक्कर मार कर एक बद्धे की मौत कार सहित आधा दर्जन गाडियो को पहुचाया भारी नुकसान

वेलकम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना।** गर्मी से बिलबिला कर जंगल से नगर के मौहल्ले में घूंसे नर माहे जानवर ने आधा घंटा उत्पात मचाते हुए। खेत पर काम कर रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। मकान के मेन गेट पर लगे लोहे के गेट को तोड़ा, आधा दर्जन से अधिक बाइकों व कारों को क्षतिग्रस्त करने के बाद घायल युवा माहे भी मौत की नींद सो गया। घटना की सूचना मिलते ही मोहल्ले के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बुधवार की सुबह सवेरे लगभग 5-20 बजे। जब सब लोग अपने घरों में सो रहे थे। तब उस समय गर्मी से बिलबिला कर एक नर माहा जानवर जंगल से नगर के सेवा वाली गांवड़ी एक खेत में जा घुसा जहां पर मोहल्ला नेजांवाली निवासी के 70 वर्षीय बुजुर्ग नत्थन सैनी अपने खेत पर बैठे हुए थे। उसने उनपर हमला बोल कर घायल कर दिया बाद में उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बराबर के बीचोंबीच मोहल्ला अम्बेडकर नगर स्थित एम एम इंटर कालेज के मैदान में पहुंचा वहां से भाग कर स्व कृपाल सिंह चौहान की गली में जाकर घुस गया। वहां घर के आगे खड़ी बाइकों को गिराकर क्षतिग्रस्त करके, दुसरी गली में घूस गया जहां पर रितिक के घर के आगे खड़ी बाइक को गिराया उसके बाद वहां से अंधाधुंध भागते हुए। स्व.रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट की गली में घूसकर उनके मकान के मेन गेट पर लगे लोहे के गेट को तोड़ता हुआ। घायल अवस्था में ही मकान के अन्दर घुस गया। और उनके मकान की 5-6 फुट की चार दीवारी को फांद कर अनिता नर्सिंग होम की गली में जा पहुंचा जहां पर मौहल्ले के कुत्ते भी उसके पीछे लग गए। उसने वहां पर लगभग आधा घंटा उत्पात मचाते हुए। गली में खड़ी निमोश कुमार की नई कार टोयटा रोमियन, एम एम इंटर कालेज के मास्टर ब्रजमोहन सिंह की निषान मायकरा व एक्टिवा, सुशील कुमार की वैगनआर कार को क्षतिग्रस्त करते हुए। दुवारा फिर स्व. रमेश कुमार शर्मा एडवोकेट की गली में जा घूंसा और वह घायल अवस्था में होने के कारण सड़क पर गिर कर उसने दम तोड़ दिया।

# जिलाधिकारी ने किया विकास भवन के कार्यालयों और पर्यटन विभाग का किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने बुधवार को विकास भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सीडीओ के साथ विभिन्न कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली, सुरक्षात्मक उपाय, साफ-सफाई और नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में पहले सीडीओ तिवारी से विकास भवन के कार्यालयों की जानकारी ली।डीएम ने सीडीओ तिवारी द्वारा विकास भवन के विभिन्न कार्यालयों में समय समय पर उनके निरीक्षण के बाद सभी विभागों में कार्यालयों में बायोमेट्रिक हाजिरी प्रणाली की व्यवस्था लागू करवाने के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी और अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सभी अधिकारियों को इसका सख्ती से पालन करने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने परिसर में लगे सूचना पट्ट, प्रतीक्षा कक्ष और साफ-सफाई व्यवस्था का भी मुआयना किया। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों की स्थिति की भी जांच की, जिसमें कई स्थानों पर यंत्रों की अवधि समाप्त पाई गई। इस पर उन्होंने संबंधित विभाग को तत्काल इन्हें बदलवाने और क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। विकास भवन परिसर में स्थित आधार केंद्र का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। उन्होंने वहां आए नागरिकों से सीधे संवाद किया। केंद्र संचालक को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखने के निर्देश दिए।इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने बायोमेट्रिक उपस्थिति सहित अन्य कार्यप्रणाली की जांच की। कार्यालय की अव्यवस्थित स्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और कार्यालय में साफ-सफाई रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सब्सिडी से जुड़े सभी लंबित मामलों का समय पर निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जोर देकर कहा कि पर्यटन विभाग आम जनता से जुड़ा हुआ है, इसलिए यहां की व्यवस्थाएं उचित होनी चाहिए।इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यालयों में अनुशासन और नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों का विश्वास तभी मजबूत होगा जब उन्हें सरकारी कार्यालयों में व्यवहारिक सहयोग और स्पष्ट जानकारी मिले। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कार्यालयों की व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए, सूचना पट्ट स्पष्ट रूप से लगे हों और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जनसेवा के भाव से कार्य करने की नसीहत दी।

# इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस परिवार द्वारा वृद्धाश्रम के नए भवन का लोकार्पण किया गया



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस परिवार द्वारा वृद्धाश्रम के नए भवन के लोकार्पण समारोह का आयोजन ज्येष्ठ माह के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर आर के गुप्ता, रमा गुप्ता, डॉ. मधु गुप्ता, पार्थ ईशान के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ ग्लोरी प्लस का पूरा परिवार उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में सुंदरकांड का पाठ, प्रसाद वितरण, जूस और बिस्कुट के साथ गर्मी से बचने के लिए वृद्धजनों को गमछा और गाउन वितरित कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की गई। इस खास मौके पर वृद्धजनों को परिवार की भावना का एहसास दिलाया गया और उनकी सेवा की गई। इस कार्यक्रम में डॉ. ममता पराशर, वैशाली सुरभि, सचिन पाठक, कमलेश वैश्य, रीना गुप्ता, अनीता वर्मा, सुनीता गुप्ता, अफजा, ललिता अग्रवाल, अंजू, ज्योति, मीना, ममता, डॉ. कविता, हृदेश, अनूप, मनीष की गरिमामय उपस्थिति रही। इस खास अवसर को अपनी मेहनत और लगन से पूर्ण करने के लिए रचना और कांता सहित पूरी टीम की सराहना की गई। जिन्होंने पूर्ण समर्पण से इस आयोजन को सफल बनाया और वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान लाने में सफलता प्राप्त की।

# मेडिकल कॉलेज में न्यूरो सर्जन की हुई तैनाती, ओपीडी व सर्जरी से मिलेगी मरीजों को राहत

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर के माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज को बुधवार से एक महत्वपूर्ण सौगात मिली है। आपको बता दें कि देश के जाने-माने लीलावती अस्पताल, मुम्बई में कार्यरत प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ0 आशुतोष शुक्ला ने सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी हैं। बुधवार को न्यूरो सर्जरी डिपार्टमेंट का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में अब न्यूरो सर्जरी की सुविधा पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध होगी। यह सुविधा सिद्धार्थनगर और आस-पास के क्षेत्रों की जनता के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, क्योंकि अब उन्हें जटिल न्यूरो सम्बन्धी बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दराज के बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। डॉ0 आशुतोष शुक्ला जैसे अनुभवी न्यूरो सर्जन का सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज से जुड़ना क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी, बल्कि मेडिकल कॉलेज को भी न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद मिलेगी।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल ने शिव मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय और बजरंग दल ने बरेली के ग्राम मोहनपुर मे शिव मंदिर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में बजरंगियों को त्रिशूल दीक्षा भेंट की गई, त्रिशूल भेंट करने के पीछे आत्म सुरक्षा का उद्देश्य था। इसी के साथ राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक में बरेली विभाग के अध्यक्ष प्रेमपाल सोलंकी हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अमित कुमार गंगवार, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने अपने हाथों से सभी बजरंगियों को त्रिशूल दीक्षा वेट की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल हर हिंदू व्यक्ति के साथ है, हमारा मिशन है कि हम सब मिलकर हिंदूओं को हर क्षेत्र में आगे ले जाएं और आने वाले समय में देश को हिंदू राष्ट्र घोषित कराएं। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार ने बताया कि आए दिन स्कूल कॉलेज में हिंदू बहन बेटियों के साथ मुस्लिम व्यक्ति हरकतें करते हैं, उनको हम मुंह तोड़ जवाब देने के लिए हर हिंदू भाई के साथ हैं। रोहित ने कहा कि अगर लव जिहाद की और गौकशी की घटना हुई, तो उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहित ने आगे कहा कि हमारी टीम के द्वारा गौसेवा भी की जाती है। इस बैठक में माता और बहनों और बजरंगी भाईओं के साथ बड़ी संख्या में हिंदू कार्यकताओं ने भाग लिया। मुख्य रूप से इस बैठक में मंच पर अधिकारी अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद विभाग अध्यक्ष प्रेमपाल सोलंकी, जिला अध्यक्ष अमित गंगवार, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष रोहित गंगवार, जिला महामंत्री हरीश कुमार, राष्ट्रीय बजरंग दल की तरफ से विजय गंगवार मौजूद रहे। बैठक का सफल संचालन तहसील मंत्री कृष्णा मौर्य ने किया।

# ग्राम पंचायत बजहां में मनरेगा में हो रहा खेल

वेलकम इंडिया

**बर्डपुर/ सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर के ग्राम पंचायत बजहां में मनरेगा कार्यों में धांधली जोरो पर है। ग्रामीणों के अनुसार इस ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्य कागजों में ही होकर रह जाती है और मौके पर ठेकेदारी प्रथा से एक दो दिन में कार्य पूर्ण कर लिया जा रहा है। ऐसे ही कई मामले ग्राम पंचायत बजहां में आम हो गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बजहां के पोखरभिटवा में घोला से नहर तक चकरोड पर मिट्टी पटाई कार्य के लिए मस्टररोल 20 मई से 11 जून तक निकाला गया, जिसमें 55 मजदूरों की एनएमएमएस ऐप पर हाजिरी फोटो से फोटो खींचकर लगाई गई। जबकि मौके पर मजदूर कभी काम नही करते पाये गये। इसी ग्राम पंचायत के पल्टादेवी रोड से साते नसीम योम इनायतुल्लाह के खेत तक चकरोड पर मिट्टी पटाई कार्य के लिए 29 मई से 11 जून तक का मस्टरोल निकाल कर 40 मजदूरों की 11 दिन की हाजिरी एनएमएमएस ऐप पर लगा दी गयी है, तो वहीं इसी ग्राम पंचायत के बजहाँ ओबैदुर्रह्मान के घर से पश्चिम नाला तक कृर्षी कार्य हेतु मिट्टी पटाई कार्य मे 5 जून से 16 जून तक मस्टररोल निकाली गई है, जिस पर लगातार 4 दिन 28 मजदूरों की एनएमएमएस ऐप पर हाजिरी लगा दी गयी है। जबकि उपरोक्त साइटों पर मजदूरों से कार्य न कराकर ठेकेदारी प्रथा से दो दिन में कार्य पूर्ण कर एनएमएमएस ऐप पर फर्जी मोनिटरिंग कर विभाग के आंखों में धूल झोंककर मनरेगा के पैसों का बंदर-बांट किया जा रहा है। यही नही इन साइटों पर फोटो जो एनएमएमएस ऐप पर लोड किये गये हैं, उसमें जिस उपस्थिति में महिलाओं की संख्या 6 दिखाई गई। वहीं उसी उपस्थिति फोटो में महिलाएं सिर्फ एक ही दिख रही है, यही नही मस्टररोल में मजदूरों की संख्या अधिक होने के बावजूद भी फोटो जो एनएमएमएस ऐप पर अपलोड किए जा रहे हैं, उसमें सभी फोटो में वही सेम चेहरे दिख रहे हैं।

# गंगा मैया की छट्ठी पर सोहर गाकर झूम उठी महिलाएं



वेलकम इंडिया

संगम महा आरती समिति एवं जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती समिति के संयुक्त तत्वाधान मे माँ गंगा की छट्ठी का कार्यक्रम संगम किनारे संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य यजमान के रूप में पधारे अवधेश चंद्र गुप्ता ,प्रमोद पांडेय,अनामिका चौधरी ,सुनील निषाद आदि के द्वारा माँ गंगा की आरती की गई इसके बाद कार्यक्रम की संयोजिका अनुराधा त्रिपाठी के द्वारा छट्ठी का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जहाँ लोकगायिका श्वेता केसरवानी के द्वारा सोहर गाकर माँ गंगा की छट्ठी मनायी गई एवं सोहर के उपरांत कोषाध्यक्ष छाया पांडेय एवं नेहा शर्मा के द्वारा बच्चो में खिलौने टॉफी मिठाई और कढ़ी चावल का वितरण किया गया समिति के अध्यक्ष प्रदीप पांडे के द्वारा उपस्थित यजमान एवं लोकगायिका का सम्मान किया गया कार्यक्रम में महामंत्री आशुतोष पालीवाल, मीडिया प्रभारी आयुष श्रीवास्तव ,रौशनी अग्रवाल ,वर्तिका द्विवेदी,नीतू सिन्हा,निर्मल शर्मा ,आदि उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद ने गिनाई केन्द्र सरकार की उपलब्धियां

वेलकम इंडिया

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर बुधवार को सांसद जगदम्बिका पाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों गिनाई। भाजपा कार्यालय पर मीडिया से बात-चीत करते हुए उन्होंने 11 साल के कार्यकाल को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बताया। इस दौरान उन्होंने 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल बताया। सांसद ने कहा इस कालखण्ड में प्रधानमंत्री ने देश को भ्रष्टाचार, दुराचार और तुष्टिकरण से मुक्त कराया है। सांसद ने कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी बल्कि स्वयं को टपकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक के बनाया है। प्रधानमंत्री का 11 वर्ष का कार्यकाल नये भारत को एक विकसित आत्मनिर्भर स्वर्णिम कालखण्ड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम काल के लिए हम सभी जनपदवासी प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। सांसद ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के द्वारा बनाये गये संविधान का हर हाल में सम्मान होगा और इसके लिए प्रधानमंत्री ने 26 नवम्बर की तिथि को संविधान दिवस के रूप में पूरे देश के अन्दर 2015 से इस कार्यक्रम को करने की कार्यवाही पहली बार शुरू की। आरक्षण की सुरक्षा सामाजिक दृष्टि से जो भी पिछड़े हैं, दलित एवं वंचित हैं, उनको इस संविधान प्रदत्त सुविधा का अधिकार मिलना ही चाहिए। सांसद ने कहा मूवी का स्पष्ट कहना है कि जहां तकनीक है, वहां तरक्की है। आपने देखा होगा कि जहां भाजपा की सरकार है, वही गरीब कल्याण भी है। प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि शासन अब सेवा का माध्यम बनेगा। सरकार आम जनमानस के साथ सहभागी बनेगी 11 वर्ष का है कार्यकाल सेवा को संकल्प के रूप में सुशासन को समृद्धि के रूप में और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। सांसद ने कहा आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य स्थित सरकारों के कारण आम जन का विश्वास खंडित हुआ था। वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अन्दर प्रधानमंत्री के रूप में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का परिकल्पना को साकार करने वाला नेतृत्व मिला है। सांसद ने कहा प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व की सरकार की 11 साल ऐसे समय में पूरे हो रहे हैं जब दुनिया में भारत की सैन्य शक्ति की पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया के द्वारा ट्रस्टेड उसे ताकत को देखा है, जो अभी ऑपरेशन सिन्दूर के माध्यम से हम सबको देखने को मिला है।


# ऊंचागांव ब्लॉक परिसर बना जंग का अखाड़ा, जमकर चले लात घूंस

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर :** ऊंचागांव ब्लॉक ऊंचागांव अपने कारनामों को लेकर अक्सर सोशल मीडिया की सुर्खियों में रहता है। इस बार कारनामा ऐसा है कि जिसको सुनकर आप चौंक जाएंगे। इस बार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और आजाद अधिकार सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी में आपस मे लात घूंसे चल गए। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने थाना नरसेना में एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दे दी। इस सभी के बीच ब्लॉक में कारभार संभाल रहे कर्मचारी अपना आपा बचाते हुए फरार हो गए। दी तहरीर के अनुसार आजाद अधिकार सेना के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी ने बताया कि में ब्लॉक में एक मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए गया था। मुझे देखकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने मुझे मां बहन की भद्दी गाली गलौज करने लगे। कहा कि तू हमारी आरटीई डालेगा। इतना कहकर मेरे साथ मारपीठ करने लगे। जिसमें मेरे काफी चोट आई है। इतने में ही मुझे अपने एक अन्य साथी के साथ ब्लॉक के अंदर मारने लगे। और मेरी जेब आठ हजार रुपए भी निकाल लिए। वही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने दी तहरीर में बताया है कि हमारे द्वारा सरकारी अस्पताल ऊंचागांव नए गेट का निर्माण कराया जा रहा है। पिछले दो तीन दिन एक व्यक्ति ठेकेदार के पास आ रहा है। और ठेकेदार से बीस हजार रुपए की मांग कर रहा है। मेरे द्वारा बीस हजार रुपए मांगने का कारण पूछा गया तो मेरे साथ भी मारपीठ गाली गलौज शुरू कर दी। जब इस सम्बंध में खंड विकास अधिकारी अजयपाल सिंह से लड़ाई की जानकारी जुटाने की कोशिश की गई तो खंड विकास अधिकारी अजयपाल सिंह ने बताया कि में मौके पर मौजूद नहीं था। मैं डी एम साहब की मीटिंग में था।

# मीरगंज की नाहल नदी को फिर से मिलेगा जीवन

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** प्राकृतिक धरोहरों को संजोने और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में बरेली प्रशासन ने एक और बड़ी पहल की है। मीरगंज क्षेत्र की विलुप्त हो चुकी नाहल नदी को पुनर्जीवित करने की योजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर नाहल नदी को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने के लिए टास्क फोर्स का गठन कर दिया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना को मूर्त रूप देने में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) देवयानी प्रमुख भूमिका का निर्वाहन करेंगी। पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उनके विजन को लेकर प्रशासन ने तेजी से कार्य आरंभ कर दिया है। नदी को जीवित करने के लिए राजस्व विभाग ने पैमाइश का कार्य शुरू कर दिया है। पुराने नक्शों के आधार पर नाहल नदी के प्रवाह क्षेत्र की निशानदेही की जा रही है। इसके बाद अतिक्रमण हटाकर नदी को पुनः प्रवाहित किया जाएगा। सीडीओ देवयानी के अनुसार, नाहल नदी मीरगंज क्षेत्र के लिए सिर्फ एक जलधारा नहीं, बल्कि सामाजिक, पारिस्थितिक और आर्थिक जीवनरेखा है। इस नदी को फिर से जीवंत बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। लभारी, कुल्छा, नौसना और सिंधौली जैसे गांवों में नदी के प्रवाह क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी। टास्क फोर्स की देखरेख में नदी के तल को खोदकर उसका मूल स्वरूप बहाल किया जाएगा। रामपुर प्रशासन ने 5 महीने की मेहनत से 51 किमी लंबी नाहल नदी को पुनर्जीवित किया था। अब उसी मॉडल को अपनाते हुए बरेली प्रशासन ने मीरगंज के लिए कार्ययोजना तैयार की है। रामपुर के मिलक क्षेत्र की तरह, मीरगंज में भी यह नदी सिंचाई का एक मजबूत स्रोत बनेगी। नाहल नदी को केवल पुनर्जीवित ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित करने की योजना है। नदी में वोटिंग (नाव विहार) जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर स्थानीय लोगों और पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा। इस परियोजना में सीडीओ देवयानी की सक्रियता और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली सार्थक प्रयास की संभावना जताई जा रही है। डीएम अविनाश सिंह ने परियोजना की निगरानी के लिए सभी संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# सिक्किम हनीमून मनाने गया प्रतापगढ़ का नवविवाहित जोड़ा तेरह दिन से लापता तलाश जारी

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया



**प्रतापगढ।** सिक्किम में हनीमून मनाने गए उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के एक नव विवाहित जोड़े की गाड़ी लगभग एक हजार फीट गहरी खाई में गिर गई।पिछले 13 दिनों से नवविवाहित जोड़े तलाश तलाश जारी है,लेकिन अभी तक कोई पता नहीं चला है।नवविवाहित जोड़े की तलाश में स्थानीय पुलिस-प्रशासन तीस्ता नदी और गहरी खाई के आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहा है।घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों ने सरकार और प्रशासन से अपने बेटे और बहू को खोजने की गुहार लगाई है। जिले के उदयपुर थाना क्षेत्र के राहाटीकर गांव के रहने वाले 29 वर्षीय कौशलेंद्र प्रताप सिंह और 26 वर्षीय अंकिता सिंह 24 मई को हनीमून पर सिक्किम गए थे।कौशलेंद्र और अंकिता की गाड़ी भारी बारिश के बीच तीस्ता नदी में गिरने से वे लापता हो गए हैं।घटना 29 मई को उस समय हुई जब कौशलेंद्र और अंकिता सिक्किम के लाचेन से लाचुंग लौट रहे थे। कौशलेंद्र और अंकिता के अलावा गाड़ी में सात अन्य पर्यटक सवार थे।दो त्रिपुरा के,चार ओडिशा के और स्थानीय चालक के साथ,ये सभी अभी तक लापता हैं।अधिकारियों ने बताया कि दोनों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। दंपति और उनके ड्राइवर समेत कुल नौ लोगों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। बता दें कि कौशलेंद्र प्रताप सिंह भाजपा नेता उम्मेद सिंह के भतीजे हैं। 5 मई को धनगढ़ सराय चिवलाहा गांव के विजय सिंह डब्बू की बेटी अंकिता सिंह से कौशलेंद्र की शादी हुई थी। कौशलेंद्र और अंकिता 25 मई को ट्रेन से सिक्किम के लिए रवाना हुए और 26 मई को मंगन जिले में पहुंचे। कौशलेंद्र के चाचा दिनेश सिंह ने कहा कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीमों के निरंतर प्रयासों के बावजूद अभी तक कोई शव या जीवित व्यक्ति नहीं मिला है।दिनेश सिंह ने कहा कि परिवार के सदस्यों ने डीआईजी अक्षय सचदेवा और क्षेत्र के एसपी सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की है।

# भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर हरिद्वार में अयोजित किया

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** .भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय किसान चिंतन शिविर हरिद्वार में आज समापन दिवस पर बोलते हुए युवा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर ठाकुर शैलेंद्र आर्य अंतिम दिन देशभर से आए किसानों की ऐतिहासिक भागीदारी रही। हजारों से भी ज्यादा संख्या में जुटे किसानों ने एकजुट होकर कई ज्वलंत समस्याओं पर गंभीर चिंतन किया। शिविर में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के अनुसार आगामी तिथियों पर क्रमबद्ध तरीके से सदस्यता अभियान व आंदोलन चलाए जाएंगे, साथ में रहे जिला अध्यक्ष लोकेश ठाकुर, जिला प्रभारी चौधरी धर्मवीर सिंह उर्फ गुड्डू प्रधान, जिला महासचिव नीरज शर्मा लड़ाना, आलोक राठी, कुलदीप चौधरी, जगबीर सिंह, बाबा बजरंगबली, चंद्रवीर सिंह, मास्टर सोरन लाल जी, हीरा शर्मा, सौरभ शर्मा, कपिल शर्मा, रोहित शर्मा, हिमांशु शर्मा, राजू प्रधान, पंकज शर्माआदि सैकड़ो साथी मौजूद रहे।

# हाथरस में 17 जून से शुरू होगी रिक्रूट आरक्षियों की ट्रेनिंग, 406 पुरुष और 101 महिला आरक्षियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** अमित चंद्रा, अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय मुरादाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण के दृष्टिगत रिजर्व पुलिस में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी तथा रिक्रूट आरक्षियों के व्यवस्थापन तथा ट्रेनिंग की व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार,क्षेत्राधिकारी लाइन राम प्रवेश राय,क्षेत्राधिकारी यातायात अमित पाठक, प्रतिसार निरीक्षक आदि अधिकारी-कर्मचारिगण मौजूद रहे । इस दौरान द्वारा रिक्रूटो के आवासीय व्यवस्था, महिला आरक्षियों के लिए बनाए गए ॠ-5 बैरक, आरक्षियों हेतु बनाए गए ॠ-8 बैरक, क्लासरूम, कम्प्यूटर लैब, ऑडिटोरियम, स्नानागार, शौचालय आदि का निरीक्षण किया गया तथा सभी कार्यो को समय से पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । जनपद हाथ?स में दिनांक 17 जून से जेटीसी प्रशिक्षण हेतु 507 रिक्रूट आरक्षी जिनमे 406 पुरुष रिक्रूट आरक्षी व 101 महिला रिक्रूट आरक्षी शामिल होंगे ।जेटीसी के लिए आ रहे रिक्रूट आरक्षियों के लिए पुलिस लाइन मे एटीएम की व्यवस्था, 250 अभ्यर्थियों के बैठने एवं लेक्चर हेतु ऑडिटोरियम, मैस, महिला अभ्यर्थियों हेतु महिला सैलून, पुरुष अभ्यर्थियों हेतु सैलून तथा अभ्यर्थियों के लिए कैंटीन आदि की व्यवस्था की गयी है।

# समर कैंप का अनुभव सभी छात्रों ने अतिथियों से साझा किया पं रामशरण



वेलकम इंडिया

**झांसी ।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पहाड़ी बुजुर्ग चिरगांव में चल रहे समर कैंप का समापन किया गया जिसमें प्रतिदिन आने वाले बच्चों को सम्मान स्वरूप विभिन्न प्रकार के पढ़ाई लिखाई से संबंधित सामानों का वितरण किया गया इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के नेता दिनेश पाराशर पहाड़ी के द्वारा बच्चों को प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध कराए गए सामानों का वितरण किया गया इस अवसर पर पंडित रामशरण लाल कोंतू निःशुल्क मानव सेवा संस्थान के सदस्य ,राहुल महाराज पालर, प्रधानाध्यापक सतीश कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित स्टाफ राहुल कोंतू ,रेनू श्रीवास्तव,अनिल कुमार पांचाल सहित बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम मैं हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में बच्चों ने अपने शब्दों में अपना समर कैंप का अनुभव सभी अतिथियों से साझा किया, समर कैंप में उपस्थित हुए सभी बच्चों को फल एवं मिठाई खिलाकर समर कैंप का समापन किया गया।

# नाबालिग बच्ची हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास व बाइस-बाइस हजार रुपए अर्थदंड की सजा

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** अवगत कराना है कि दिनांक पांच नवबंर 2018 को थाना चन्दपा पर वादी द्वारा सूचना दी कि दिनाँक वादी की पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष की अभियुक्तगण द्वारा मिलकर हत्या कर दी गई है।तथा उसका शव हरि उर्फ शान मोहम्मद के घेर में पुआल के नीचे दबाकर छुपा दिया है। जिसके क्रम में वादी की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना चन्दपा पर भादवि बनाम इरफान पुत्र जय सिंह, भोला पुत्र बच्चू सिंह निवासी ग्राम परसारा थाना चन्दपा जनपद हाथरस के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । अभियुक्त इरफान की निशादही पर आलकत्ल चाकू बरामद किया गया । अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा विवेचक द्वारा साक्ष्य संकलन कर गुणवत्तापूर्वक विवेचना करते हुए आरोपियों के विरुद्ध मात्र 21 दिन में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया । न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-1 (एडीजे/पॉस्को-1) जनपद हाथरस द्वारा उक्त अभियोग में अभियुक्तगण इरफान व भोला उपरोक्त को धारा 302/201 भादवि के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 22-22 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

# फरीदा बांगर में कल शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन,कलश यात्रा से होगा शुभारंभ

वेलकम इंडिया

**ऊंचागांव :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फरीदा बांगर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ कल यानी शुक्रवार सुबह 7 : बजे से गांव से निकलने वाली कलश शोभायात्रा से होगा। व्यास सुरेशानंद द्वारा सात दिन तक कथा समय 12 बजे से शाम 4 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। और 19 जून दिन शुक्रवार की शाम को पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। प्राचीन शिव मंदिर पूजारी कँछिद सिंह व आचार्य प. विनोद शर्मा ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन मंदिर के तत्वधान और गांव की सुख समृद्धि और जनकल्याण के लिए किया जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग के साथ प्रारंभ की जा रही है। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# देसी शराब से भरी लोडर में बस ने मारी टक्कर, शराब लूटने की मची होड़ वीडियो वायरल



वेलकम इंडिया

**झाँसी।** मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे झाँसी-खजुराहो मार्ग पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब गुरसराय जा रही सवारियों से भरी एक बस ने देसी शराब से लदी लोडर में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोडर असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया और उसमें भरी देसी शराब की पेटियां सड़कों पर बिखर गईं। घटना स्थल पर देखते ही देखते शराब की पेटियां गिरती देख आसपास के लोग और राहगीर वहां जमा हो गए। कुछ ही देर में शराब की बोतलें लूटने की होड़ मच गई। लोग पेटियां और बोतलें उठाकर भागने लगे। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने पलटे हुए लोडर को खड़ा किया। गनीमत रही कि लोडर चालक को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को वहां से हटाया। पुलिस के अनुसार, घटना की जांच की जा रही है।शराब की पेटियों की संख्या और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं वायरल हो रहे वीडियो के आधार पर शराब लूटने वालों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# झांसी के सौरभ आनंद भारतीय हॉकी टीम में शामिल



वेलकम इंडिया

**झांसी।** नगर की एक और युवा खेल प्रतिभा को अपनी प्रतिभा की दम पर भारतीय जूनियर हॉकी टीम में जगह मिली है।अग्रिम पंक्ति के सौरभ आनंद कुशवाहा की 21 से 25 जून तक जर्मनी के बर्लिन शहर में आयोजित होने वाले 4 देशों के बीच होने वाली हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे ।टीम इंडिया की कमान फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल को सौंपी गई है। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को टीम की घोषणा की। टीम में सौरभ आनंद का नाम देख कर झांसी नगर के हॉकी प्रेमी झूम उठे ।भारतीय टीम के अलावा इस प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया,जर्मनी, स्पेन होगी ।यह प्रतियोगिता इसी वर्ष के नवंबर माह में भारत में आयोजित होने वाले जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से मुरीद माना जा रहा है ।सौरभ इससे पूर्व मस्कट में आयोजित जूनियर एशिया कप की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय जूनियर हॉकी टीम में भी रहे हैं।

# मानवाधिकार रक्षक शिखर सम्मेलन 2025 का भव्य आयोजन

एहसान अंसारी



**नई दिल्ली :**मानवाधिकार रक्षक शिखर सम्मेलन 2025 का भव्य आयोजन हुआ, जहां दुनिया भर से मानवाधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहे नायकों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। यह सम्मेलन उन असंख्य बहादुर आवाजों को समर्पित था, जो न्याय, समानता और गरिमा के लिए निडर होकर खड़ी हैं।

इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का आयोजन इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स डिफेंडर्स फाउंडेशन (वरअ) द्वारा, द राइट प्लेस फॉर यू फाउंडेशन (दिल्ली) के साथ संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एनजीओ प्रतिनिधि राजनीतिक नेता और मानवाधिकार विशेषज्ञ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सम्मेलन की थीम स्वतंत्रता की रक्षा, आवाजों को सशक्त बनाना॰थी, जिसमें अनेक वैश्विक और स्थानीय मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

# डॉ आंबेडकर स्टूडेंट्स फ्रंट ऑफ इंडिया के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार का मनाया जन्मदिवस, बसपा जिला सचिव चौधरी राघवेंद्र सिंह ने दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



**हाथरस।** के मशहूर जनता रेस्टोरेंट में डॉ अम्बेडकर स्टूडेंट्स फ्रन्ट ऑफ इंडिया इकाई के जिला अध्यक्ष मनीष कुमार का डॉ. बाबा साहब आंबेडकर एवं कांशीराम साहब की तस्वीर भेट कर 26 वाँ जन्मदिवस डाँ. अम्बेडकर स्टूडेंट्स फ्रन्ट ऑफ इंडिया इकाई हाथरस के पदाधिकारी,समाज सेवी, बसपा कार्यकताओं ने मनाया। अपने इस जन्मदिन पर मनीष कुमार ने बताया कि में बाबा साहब को अपना आदर्श मानकर बाबा साहब के सपनो को साकार करने का काम करूगा और इस मौके पर मौजूद डास्फी के प्रदेश सचिव रोहित अम्बेडकर ने बताया कि मनीष कुमार बहुजन समाज में जन्मे सभी महापुरुषों की विचार धारा को आगे बढाने का काम कर रहे हैं।जिसमें इस मौके पर उपस्थित बसपा जिला सचिव चौधरी राघवेंद्र सिंह, डांस्फी जिला महासचिव दीपक कुमार, जिला सचिव सतेंद्र आंबेडकर, पिंटू कुमार, आदित्य, प्रदीप, विपिन गौतम, लक्की, बहुजन शेरनी अंजलि अतर सिंह अलीगढ़, प्रिंसी गौतम, प्रियंका कुमारी, भीम शेरनी गरिमा सिंह और कशक उपस्थित रहे।

# गुलाम गौस खां पार्क स्थित मल्लखम्भ कोर्ट पर निःशुल्क समर कैंप का समापन एवं मल्लखम्भ कोर्ट का विधिवत उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**झांसी।** राम इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के तत्वाधान में गुलाम गौस खां पार्क स्थित मल्लखम्भ कोर्ट पर निःशुल्क समर कैंप का समापन एवं मल्लखम्भ कोर्ट का विधिवत उद्घाटन पंडिरवि शर्मा सदर विधायक के मुख्य अतिथिय में राजवीर सिंह मुख्य अभियंता नगर निगम,लोकेंद्र सिंह पटेल कॉन्टैक्टर, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राहुल तिवारी उमेश अग्रवाल विशिष्ट आथित्य में एवं डॉ बाबूलाल तिवारी शिक्षक विधायक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। ग्राउंड पर पोल मल्लखम्भ, हैंगिंग मल्लखम्भ, रोप मल्लखम्भ,एरियल सिल्क पर बच्चों द्वारा दिखाए गए पिरामिड, उपस्थित अभिभावक एवं अतिथियों को अचंभित कर दिया। डॉ बाबूलाल तिवारी ने कहा कि इस अकादमी की भूरी भूरि प्रशंसा की है और कहा कि यह छोटे-छोटे बच्चे आज इस क्षेत्र से निकालकर प्रदेश और देश में झांसी का नाम रोशन करें, यही मैं चाहता हू और अगले एक-दो वर्षो में छोटे-छोटे बच्चे प्रदेश और नेशनल स्तर पर खेलें. इस अवसर पर अवधेश निरंजन, राजेश पटेल, रणजीत सिंह परिहार, बलराम सिंह,आनंद बाबू बोहरा,श्रीमती धीरज वर्मा, हेमंत परिहार, हिमांशी प्रजापति, रिया साहू, सोनिया कुशवाहा,अनुज यादव, गोविंद रिछारिया,ओम साहू,मयंक राएकबार,जानवी गुप्ता, लवली साहू, दीपा कुशवाहा, अंशुमन मुकुल, रौनक,अनुज यादव, निशि, ईश्वरी, अनन्या,अर्पिता, आरबी सिंह,सृष्टि राज,मोक्ष कुमार, नव्या आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन राम इंटरनेशनल एयरपोर्ट अकादमी के सचिव अनिल पटेल, उपाध्यक्ष रामकिशन निरंजन ने एवं आभार एकड़मी अध्यक्ष रवि प्रहर में व्यक्त किया।



# रिफाइनरी कर्मचारियों ने शुरू की अनिश्चितकाल भूख हड़ताल

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** वैसे तो इंडियन ऑयल देश को ऊर्जा प्रदान करने के लिए देश-विदेश में पहचानी जाती है, लेकिन इन दिनों इंडियन ऑयल के कर्मचारी अपनी ही कॉर्पोरेशन प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकाल भूख हड़ताल पर पहुंच गए हैं। आखिर ऐसा क्या हुआ, कि देशहित में ऊर्जा उत्पादन करने वाली कॉरपोरेशन के कर्मचारियों को भूख हड़ताल पर बैठने के लिए विवश होना पड़ा। दरअसल मामला यह है कि इंडियन ऑयल के चेयरमैन ए. एस. साहनी की सहमति पर इंडियन ऑयल डायरेक्टर एचआर रश्मि गोविल ने भाग लेते हुए इंडियन ऑयल कर्मचारियों की 50-50 प्रमोशन पॉलिसी बैकलॉग को तानाशाही रवैया अपनाते हुए एकतरफा समाप्त करने का इंडियन ऑयल प्रबंधन ने यह निर्णय लिया है, प्रबंधन द्वारा लिए गए इस निर्णय की वजह से इंडियन ऑयल कर्मचारियों ने 11 जून से अनिश्चितकाल के लिए देशभर में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। इसी का हिस्सा बनते हुए इंडियन ऑयल कर्मचारियों ने मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के बैनरतले मथुरा रिफाइनरी में भी भूख हड़ताल शुरू कर प्रबंधन के इस निर्णय को तानाशाही प्रबंधन का निर्णय बताया है। मथुरा रिफाइनरी में चल रही भूख हड़ताल पर रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने भी मौनधारण कर लिया है। जिसकी वजह से मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकाल भूख हड़ताल को भी सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही रखा जा रहा है, ताकि कर्मचरियों को भी भूख हड़ताल करने में थोड़ी राहत मिल सके। जबकि अन्य रिफाइनरियों में भूख हड़ताल 24 घंटे अनिश्चितकाल के लिए चल रही है। यह सोचने का विषय है कि, ऐसा आखिर क्यों हो रहा है। सबसे बड़ी विडम्बना तो यह है कि देश की ऊर्जा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले इंडियन ऑयल कर्मचारियों के ऐसे दिए आ गए हैं, कि उन्हें अपने ही प्रबंधन के खिलाफ अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करते हुए अनशन पर बैठना पड़ रहा है। मथुरा रिफाइनरी में भूख हड़ताल पर बैठे मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ के महामंत्री रामकिशन, अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी सहित फतेह सिंह, हरीश पहल व अन्य पदाधिकारियों सहित मथुरा रिफाइनरी कर्मचारियों ने भूख हड़ताल में भाग लिया।

# भरनाकलां में 103 साल के प्रमुख समाजसेवी का निधन, शव यात्रा में उमड़ी भीड़

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील के गाँव भरनाकलां के प्रमुख समाजसेवी ओंकार प्रसाद मिसुर का 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया, परिजनों ने उनकी अंतिम यात्रा अनोखे अंदाज में निकाली। परिजनों ने बुजुर्ग के जीवन की अंतिम यात्रा को यादगार और भव्य बनाते हुए उन्हें बरात के रूप में बैंड-बाजे के साथ विदाई दी। प्रसिद्ध भागवताचार्य राजाराम शास्त्री, रमेश चंद्र शर्मा, प्रेम शंकर शर्मा, राधारमन शर्मा के पूज्य पिता ओंकार प्रसाद मिसुर अपने पीछे नाती, पोते सहित भरा - पूरा परिवार छोड़कर गए हैं। वह गाँव भरनाकलां सहित आसपास के गाँव में सबसे वयोवृद्ध प्रमुख समाजसेवी थे। 103 वर्ष की आयु में निधन होने पर परिजनों ने दादा की अंतिम शव यात्रा को यादगार बनाने के लिए बैंड- बाजा बुलाया। परिजनों ने गाँव भरनाकाला के मुक्तिधाम में मुखाग्नि देकर उनका अंतिम संस्कार किया। शव यात्रा में सेकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी. सुप्रसिद्ध राजाराम राजाराम शास्त्री ने बताया कि पिता ओंकार प्रसाद मिसुर जी हर रोज सुबह 3 बजे जागकर दिन में 8 घंटे भजन करना, गरीबों की मदत करना एवं धार्मिक अनुष्ठान, गौ सेवा, पशु,पक्षी सेवा में लगे रहते है जब अंतिम सांस ली स्वथ्य थे. शोकाकुल परिवार पुत्रगण- पतराम शर्मा, श्याम शर्मा, परषोत्तम शर्मा, फतेहराम शर्मा, मेघश्याम शर्मा, भगवत शर्मा, पौत्रगण- कृष्णहरी, विष्णुकान्त, लेखराज, कुलदीप, तेजराम,गणेश, शिवकुमार, श्यामबिहारी, सतीश पण्डत, भूरा मास्टर, एवं समस्त भारद्वाज परिवार।



# खेलों को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयास करने होगें : अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी



**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी अपनी धार्मिक यात्रा पर श्रीधाम वृन्दावन आए।यहां उन्होंने सर्वप्रथम ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों के दर्शन कर पूजा अर्चना की।तत्पश्चात विश्वविख्यात भागवताचार्य डॉ. अनिरुद्धाचार्य महाराज से आध्यात्मिक सत्संग भी किया। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी ने कहा कि ब्रज मण्डल भगवान श्रीकृष्ण की कीड़ास्थली ही रहा है। जहां स्वंय भगवान खेले हो, वो आकर किसी भी खिलाड़ी के लिए ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज भारत में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकारें हर संभव प्रयास कर रही है। फिर भी सामाजिक स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होगें। कुंवर धनंजय सिंह ने कहा कि क्रिकेट जैसे प्रसिद्ध खेलों के मध्य कबड्डी आज अंतर्राष्ट्रीय पर स्तर पर पहचान बना रही है। कबड्डी भारत के छोटे से छोटे गांवों में खेले जाना वाला खेल है। कबड्डी खेल को बढ़ावा देने के लिए ब्लाक स्तर पर कार्य हो।

# वृन्दावन में 19 जून को धूमधाम से निकलेगी भगवान परशुराम शोभायात्रा

**(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)**

**वृन्दावन।** भगवान श्रीपरशुराम शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में आगामी 19 जून को नगर में निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा के आमंत्रण पत्र का विमोचन बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया।आमंत्रण पत्र का विमोचन पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा शर्मा, शोभायात्रा के मुख्य संयोजक आशीष गौतम एवं प्रमुख भाजपा नेता पण्डित योगेश द्विवेदी आदि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य किया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा शर्मा व पंडित द्विवेदी ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व समाज के आराध्य हैं।आज उनके आदर्श व्यक्तित्व को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। ब्राह्मण महासभा के संस्थापक सुरेशचंद्र शर्मा व मुख्य संयोजक आशीष गौतम चिंटू ने कहा कि 19 जून को वृंदावन की पवित्र धरा पर 101 झांकियों, बैंड, संकीर्तन मंडल आदि के साथ अत्यंत दिव्य व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में कलाकार भाग लेगें। श्रीपरशुराम शोभायात्रा समिति, वृन्दावन के अध्यक्ष धर्मेंद्र गौतम उर्फ लीला भैया व सुभाष गौड़ उर्फ लाला पहलवान ने बताया कि शोभायात्रा में नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन, बल्देव, महावन, गोकुल आदि तीर्थ स्थलों से हजारों की संख्या में ब्रजवासी हर्षोल्लास से भाग लेगें। ब्रज ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक चंद्रनारायण शर्मा ने कहा कि 19 जून को निकलने वाली भगवान परशुराम शोभायात्रा समाज की एकता और अंखडता का प्रतीक बनकर सभी को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मनमोहन गौतम, बी.एम. शर्मा, बालकिशन गोस्वामी, पुनीत शर्मा, मुकेश सारस्वत, अमित गौतम पिंटू, श्याम सरदार, आशु सरदार, उद्धव पंडित, राधाकांत शर्मा, छोटे गौतम, गोविंद नारायण ब्रजवासी, विवेक गौतम, दीनदयाल गौतम आदि उपस्थित रहे।



# बेसिक स्कूलों में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि बढ़ाए जाने की मांग

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मकाल अवकाश 15 जून को समाप्त हो रहा है परंतु, गर्मी का प्रकोप अभी चरम पर है। 16 जून से 30 जून तक गर्मी से राहत मिलने का कोई संकेत नहीं है।उत्तर प्रदेश में इन दिनों भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित कर रखा है। बढ़ते तापमान और लू की स्थिति ने विशेष रूप से बच्चों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है।ऐसे में परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छोटे बच्चों के लिए 16 जून से स्कूल खोलने का निर्णय उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा साबित हो सकता है। इस स्थिति को देखते हुए अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के अन्य जागरूक लोगों ने ग्रीष्मावकाश को 30 जून तक बढ़ाने की मांग की है।वर्तमान में उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। ऐसी परिस्थितियों में बच्चों को स्कूल भेजना न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि उनकी पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे लू लगना, निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन), और थकान बच्चों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकती हैं। विशेषज्ञों का भी मानना है कि छोटे बच्चों का शरीर गर्मी को सहन करने में कम सक्षम होता है। स्थानीय सुजीत वर्मा ने भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में अवकाश 30 जून तक किए जाने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है।

# उधारी रकम लेने आये व्यापारी पर जान लेवा हमला, मामला दर्ज

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** लाखो की उधारी रकम लेने के लिए आये व्यापारी पर कई लोगों ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के संबंध में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करते हुए कार्यवाही शुरू करती है।

प्रतीक अग्रवाल पुत्र श्री घनश्यामदास निवासी मौहल्ला हनुमान रोड निकट भारतीय स्टेट बैंक शामली ने न्यायालय के आदेश मामला पंजीकृत करते हुए बताया बिलाल अंसारी निवासी खन्द्रावली व सादीन निवासी हाथी करौदा तथा आलम खान निवासी मौ० नौकुआ शामली से लाखों का माल उधार ले गए थे। पीड़ित ने अलग अलग अपने रुपए की वापसी हेतू तकाजा किया तो उक्त लोगों ने लगातार पीड़ित को टाल दिया। 27 मार्च 2025 को समय करीब 4:00 बजे शाम के बिलाल ने पीड़ित को फोन करके कस्बा कांधला में बुलाकर अपने पैसे लेने के लिए कहा तब पीड़ित अपने साथ खुर्शीद व सोनू को लेकर बिलाल के कहे अनुसार बस स्टेण्ड कैराना कांधला में पहुँचा तो वहाँ पर पहले से ही मौजूद तीनो लोगो ने एक राय बनाये हुए खड़े मिले जिन्होंनें पीड़ित को अचानक से गाली गलौच करते जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। तथा मारपीट की तथा कहा कि तुझे पैसे मांगने का मजा चखायेगें। पीड़ित ने शोर शराबा किया तो आसपास के लोग मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। जिसके चलते आरोपी हमलावर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने घटना के संबंध में कांधला पुलिस को मामले की तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटना के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर आरोपी तीनों लोगों के विरुद्ध मामला पंजीकृत करा दिया है। पुलिस मामले में कार्रवाई के लिए जुट गई है।

# घर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम की हुई शुरूआत




**वेलकम इंडिया**

**संत कबीर नगर।** घर घर कांग्रेस का झंडा कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो ने विश्वनाथपुर से की उसके बाद हरिहरपुर, बाहिलपार, चकदही, खरवानिया में कार्यकताओं के घर झंडा लगाया। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय मौजूद रहे ।पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो ने लोगों से राहुल गांधी के संघर्ष में साथ देने का आवाहन भी किया ।जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पांडे ने कहा कि इस बार कार्यकर्ता आर पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील कुमार पांडेय अहमद जमाल मोइन खान चंद्रमणि त्रिपाठी जय प्रकाश पांडेय चंद्र प्रकाश पांडेय बिट्टू सिंह हरि सिंह सुग्रीव पासवान ईश्वर पांडेय अमरदेव पांडेय अरुण पांडेय जय प्रकाश मिश्रा अख्तर संतोष पांडेय शुभम पांडेय दीपक गुप्ता पप्पू शर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी और तपन ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** बढ़ते तापमान ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। सुबह हो शाम गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। यही नहीं हीट वेव होने के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर शीतल प्याऊ की अब तक कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। मौसम का मिजाज बच्चों के साथ बुजुर्गों पर भी भारी पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा में मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यहां प्रतिदिन 500 से ज्यादा मरीज आ रहे हैं जो अत्यधिक मौसमी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने पर आपको कई दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है- डॉ. सुरेश चंद्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावा के अधीक्षक डॉ. सुरेश चंद्रा ने कहा कि गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने पर आपको कई दक्कितों का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए जरूरी है कि आप दनिभर में कम से कम पांच लीटर पानी जरूर पएिं। इससे गर्म हवाओं का असर आपके शरीर पर कम होगा। इसके अलावा नारयिल पानी, नींबू पानी और छाछ को जरूर पीना चाहएि। इससे आपके शरीर में ठंडक बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी से बचने के लिए आपको अपने कपड़ों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान गाढ़े रंग के कपड़ों के बजाय हल्के रंग और ढीले ढाले ही कपड़े पहनें। कोशशि करें कि कपड़े सूती हों तो ज्यादा बेहतर है। ये पसीना तो सोखेंगे ही, साथ ही शरीर को भी ठंडक पहुंचाएंगे। बाहर नकिलने पर टोपी जरूर लगाएं या छाता लेकर ही जाएं। इन दिनों आपको हल्का और पौष्टिक खाना ही खाना चाहएि। इससे डाइजेशन सही रहेगा। साथ ही स्पाइसी फूड्स से परहेज करना चाहएि। ये आपके पेट में गर्मी बढ़ा सकते हैं।

# प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,विजय लक्ष्मी की अध्यक्षता में विकास समीक्षा बैठक हुई आयोजित


**वेलकम इंडिया**




**संतकबीरनगर।** प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग एवं समग्र ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उ0प्र0 शासन एवं जनपद की प्रभारी मंत्री श्रीमती विजयलक्ष्मी गौतम ने विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि मंटू राय, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि हरिबक्श सिंह, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि अरुण गुप्ता, जिलाधिकारी आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

समीक्षा बैठक में मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा विकास, निर्माण एवं अन्य लाभार्थीपरक योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार गहन समीक्षा की गयी। मंत्री ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस के स्वास्थ्य, शिक्षा, भरण पोषण, आवास आदि से सम्बन्धित जितनी भी योनजाएं चालू की गयी हैं, उन सबका लाभ प्रत्येक दशा में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी योजना के लाभ से वंचित न रहे तथा आम जनमानस में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। सम्बंधित विभागीय अधिकारीगण उनके विभाग से सम्बंधित योजनाओं के आच्छादन एवं प्रगति की गुणवत्ता का निरीक्षण गॉव में जाकर करते रहें तथा लाभार्थियों का फीड बैक भी अवश्य प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि जनपद को साफ-सुथरा, विकासशील एवं सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि आप लोगों के ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से ही जनपद का विकास होगा। मंत्री ने कहा कि आगामी जुलाई माह में वृहद वृक्षारोपण अभियान-2025 को सफल बनाने के दृष्टिगत समस्त विभाग अपने लक्ष्य के अनुसार गड्ढे की खुदाई एवं पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, जिससे शत-प्रतिशत वृक्षारोपण कराया जा सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को कार्य योजना बनाकर नियमानुसार प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। मंत्री ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय एवं वृद्धा आश्रम में खान-पान, साफ-सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए।

# ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन की नई कमेटी जून तक बनाई जाएगी:दहिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया कहा कि पंचायती राज संगठन में आस्था रखने वाले सभी साथियों को अवगत कराना है ।कि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन मंडल व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जो कमेटी मार्च में भंग की गई थी। अब पंचायत चुनाव को देखते हुए 28 जून तक नई कमेटी बनाने का संगठन द्वारा निर्णय लिया गया है। क्योंकि ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन पूरे प्रदेश में अपने प्रत्याशियों को विजयी बनाने में कोई कमी छोड़ने वाला नहीं है ।संगठन के सभी साथियों को प्रत्येक वार्ड में जिले वाइज जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला प्रभारी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी जल्द ही नियुक्त किए जाएंगे। 17 जून से 25 जून तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

# आईफा मोदीनगर में चल रही 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का समापन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** आईफा मोदीनगर में चल रही 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला का समापन हो गया। चित्रकला कार्यशाला कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. प्रमिला शर्मा ( भूतपूर्व मेडिकल ऑफिसर), डॉ. दिशा दिनेश( मेंबर राज्य ललित कला) , उमेश मेहता( सीनियर फैशन फोटोग्राफर), प्रदीप बोस ( अध्यक्ष मेरठ व्यापार मंडल) रहे ।संस्थान के ऑडिटोरियम में सभी प्रतिभागी इकट्ठा हुए एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण वितरित कर सम्मानित किया। यह 20 दिवसीय कला कार्यशाला राज्य ललित कला लखनऊ, संस्कार भारती मेरठ महानगर एवं इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स के तत्वाधीन में आयोजित की गई थी। संस्थान के मैनेजर डॉ संघर्ष शर्मा ने बताया कि इस कला कार्यशाला में 10 वर्ष से 30 वर्ष की आयु के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के द्वारा निर्मित कलाकृतियों को संस्थान में प्रदर्शित की गई। सभी अतिथियों ने कलाकृतियों का अवलोकन उन्हें सराहा और उन्होंने आईफा के बारे में बताया यह संस्थान मोदीनगर क्षेत्र के आसपास के छात्राओं भविष्य के लिए उत्तम संस्थान है।राज्य ललित कला की ओर से डॉ. दिशा दिनेश ने संस्थान के मैनेजर डॉ.संघर्ष शर्मा एवं डॉक्टर रुचि विद्यार्थी द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।संस्थान की ओर से सभी कर्मचारी एवं स्टाफ मेंबर को इस प्रदर्शनी में सहयोग के लिए पुरस्कृत भी किया। उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर भाषण एवं कविता द्वारा अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की। इस कला कार्यशाला सफल बनाने के लिए संस्थान अध्यापक, स्टाफ, एवं कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला।

# मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का भूमि पूजन कर किया निर्माण प्रारंभ

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ग्राम तलहैटा में प्रस्तावित मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का बुधवार को निर्माण कार्य शुरू हो गया।मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में एक ही परिसर में प्री प्राइमरी से लेकर बारहवीं तक कक्षाएं संचालित होंगी, जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर आधारित है जिसमें आधुनिक लैंगुएज लैब , आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, रोबोटिक्स आदि की व्यवस्था होगी, साथ ही सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास पर आधारित बनाया जाएगा व डिजिटल लर्निंग और डिजिटल एजुकेशन प्लेटफॉर्म पर कक्षाएं संचालित होंगी।

सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय में स्मार्ट क्लास, रोबोटिक्स व मशीन लर्निंग ट्रेनिंग, लैंग्वेज, मैथ्स, साइंस व कंप्यूटर लैब, मल्टीपरपज हॉल, खेलकूद का मैदान, मॉड्यूलर किचन डाइनिंग हॉल के साथ, सीसीटीवी कैमरे, सोलर पैनल जैसी सुविधाएं होंगी, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का उद्देश्य प्राइवेट विद्यालयों की तुलना में बेहतर शिक्षा व्यवस्था मुहैया कराना है ताकि छात्र -छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरल व बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके ।मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का पट शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है , जिसका आज विधि विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया गया है, इस मौके पर ग्राम प्रधान तालहैटा ब्रज भूषण त्यागी, सत्यवीर त्यागी, महेश त्यागी, लोकमुनि त्यागी, राकेश त्यागी, डॉ० मनवीर सिंह त्यागी, रामकुमार मास्टरजी, विष्णुदत्त, राजा, मोहित, व कंस्ट्रक्शन व डिजाइन सर्विसेज जल निगम उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के कोऑर्डिनेटर ने किया क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कांग्रेस के कोर्डिनेटर योगी जाटव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी आयोजन होना जरूरी है । खेलों से जहां एक और स्वास्थ्य ठीक रहता है,वही दूसरी ओर खिलाड़ियों की प्रतिभागी खुलकर सामने आती है। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया।कोर्डिनेटर योगी जाटव गांव सीकरी खुर्द में क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे।इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रिजेश कुमार सेन के साथ उन्होंने कांग्रेस के पुराने कार्यकताओं से मुलाकात की। और संगठन को मजबूत करने के बात कहीं।इस मौके पर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन वरिष्ठ नेता प्रदीप कंसल सुनील शर्मा नीरज प्रजापति राकेश शर्मा हरीश अमजद इदरीशी रियासत सैकी सचिन यादव सतेंद्र गुप्ता आकाश तोमर मोटी यादव राजेश सुचेतापुरी यश हर्षित गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निष्काम भवन मे सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने मेडिकल सेवाओं का किया अवलोकन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** बागपत संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान निष्काम भवन में प्रथम बार आगमन हुआ।इस विशेष अवसर पर निष्काम संस्था के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा, संरक्षक दिलीप शर्मा, अध्यक्ष जसमीत सिंह सहित निष्काम संस्था के सभी सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान मोदीनगर नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली भी साथ में उपस्थित रहे।अपने निष्काम भवन के दौरे के दौरान सांसद ने निष्काम द्वारा संचालित विभिन्न मेडिकल सेवाओं का निकट से निरीक्षण किया और उनकी कार्यप्रणाली की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निष्काम संस्था द्वारा हाल ही में अपने बेड़े में बढ़ाए गए नए पेशेंट बेड, नई व्हीलचेयर, नए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर का सांसद डॉ. सांगवान ने फीता काटकर मानवता की सेवाओं हेतु समर्पित किए।निष्काम के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा और संरक्षक दिलीप शर्मा ने सांसद को निष्काम भवन का अवलोकन कराया तथा उन्हें मरीजों के कठिन वक्त में दी जाने वाली तमाम सेवाओं की जानकारी दी। सांसद ने निष्काम की कार्यशैली तथा व्यवस्थाओं की दिल खोलकर सराहना की।सांसद ने मरीजों को लेकर निष्काम भवन में प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को होने वाली देह आरोग्यता अरदास को अनूठी मिसाल बताया तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को निष्काम संस्था से प्रेरणा लेने को कहा। इस अवसर पर चानन लाल ढींगरा, दिलीप शर्मा, जसमीत सिंह, जसप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, राजेश खुराना, प्रेम कुमार चचड़ा, ज्ञानी रविन्द्र सिंह, अमित कुमार, लवली सचदेवा, ट्विंकल बत्रा, अंशुल भसीन, सुनील भुटानी, पवन कुमार, जीतू सरदार , अनुप्रीत कौर, आशीष मेहंदी रत्ता, जसमिन्दर सिंह, सोनू धवन, हरसिमर सिंह, रविंद्र सिंह, सोहराब खान, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# राजेश पायलट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय राजेश पायलट की 25वीं जयंती पर सुमन सिनेमा के निकट स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में हवन पूजा के बाद उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।सर्वप्रथम प्रतिमा स्थल पर हवन-पूजन कराया गया और उसके बाद विधायक डॉ मंजू शिवाच और पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली समेत सभी लोगों ने राजेश पायलट की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया ।कार्यक्रम में सभासद सुबेसिह, सभासद सप्पू गुर्जर, सभासद बलराज सिंह गुर्जर, सभासद रजनीश चौ, सभासद संघर्ष समिति के अध्यक्ष चौ वेदप्रकाश, देवव्रत धामा, पूर्व सभासद तेजपाल सिह पोसवाल, पूर्व सभासद व प्रान्तीय क्षेत्रीय अध्यक्ष कालूराम धामा, निर्दोष खटाना, अशोक मुखिया, नेता चमनसिह, विजय पाल सिंह गुजर अध्यक्ष सरदार पटेल समिति, राजू गुर्जर गुर्जर मार्केट, ग्रामीण क्षेत्र से फजल गढ गाव से राजू गुर्जर, रिशू गुर्जर, मास्टर कप्तान प्रवीण गुर्जर फजलगढ, नितिन पोशवाल उमेश पार्क, पूर्व प्रधान सिखेडा हजारी रतन लाल, अप्पू गुर्जर आदि मौजूद रहे।

# लिका अध्यक्ष के यहां लाखों की लूट करने वाला एक आरोपी मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** निवाड़ी पुलिस टीम ने बुधवार को एक मुठभेड़ के बाद पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली की कंपनी में बीते माह हुई लाखों की लूट करने वाले एक लूटेरे को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है।दूसरा लूटेरा मौके से भागने में कामयाब हो गया।गिरफ्तार लुटेरे के कब्जे से लूटी हुई लाखों की ज्वैलरी, नो लाख 14 हजार रुपए व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, एक तमंचा कारतूस बरामद किया है।कार्यवाहक सहायक पुलिस आयुक्त श्रीमती प्रिया श्री पाल ने बताया कि थाना निवाड़ी पुलिस टीम द्वारा लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु बुधवार को मोदीनगर निवाड़ी रोड पर सघन चेकिंग की जा रही थी।इसी दौरान मोदीनगर की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया गया। परन्तु दोनों मोटरसाइकिल सवार युवक नहीं रुके तथा भागने का प्रयास किया तो मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई।जिससे शक होने पर पुलिस टीम द्वारा पकड़ने का प्रयास किया गया तो उनमें से एक युवक द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया, पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में फायर किया गया । जिसमें गोली चलाने वाले अभियुक्त के पैर मे गोली लगी। जिससे एक अभियुक्त घायल होकर नीचे गिर गया तथा दूसरा युवक मौके से भागने में कामयाब रहा। जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस एक अभियुक्त शान मोहम्मद उर्फ सोनू निवासी सिवाल खास मेरठ को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव की कंपनी मे रोड पर 26 मई की रात मे लूट करने की बात स्वीकार की है। घायल अभियुक्त को इलाज हेतु अस्पताल भेज दिया गया है।

# भगवान विष्णु की पूजा करने से दुखों का नाश होकर सुखों की प्राप्ति होती है : पुरूषोतम जोशी


वेलकम इंडिया



**हांसी ।मनमोहन शर्मा।** चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा पावन पूर्णिमा के दिन श्री सत्यनारायण भगवान जी की कथा एवं भंडारे का आयोजन मन्दिर प्रांगण हाँसी में किया गया। कथा में देहली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत ज्वाइंट रजिस्ट्रार एवं मंदिर प्रबंधन ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रेम कुमार शर्मा अपनी पत्नी प्रेमलता शर्मा सहित मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे।उनके साथ इनके पुत्र एडवोकेट दीपक शर्मा ने भी पूजन एवं कथा श्रवण में हिस्सा लिया। श्री विष्णु भगवान मन्दिर के पुजारी एवं कथा वाचक पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान जी का पूजन करवाने के साथ साथ कथा करते हुए बताया कि ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा पर लक्ष्मी-नारायण व्रत करने का बहुत महत्व है।इस खास दिन पर भगवान विष्णु की पूजा करने से दुखों का नाश होता है और सुखों की प्राप्ति होती है। ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा सबसे पवित्र और शुभ मानी जाती है। सत्य नारायण भगवान जी की कथा वाचन करते हुए पण्डित पुरुषोत्तम जोशी जी ने आगे कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा को वट सावित्री पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन स्नान-दान करना भी सबसे फलदायी माना जाता है।इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान रमेश खरड़िया, सचिव प्रवीण बंसल, प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, पुर्व मुख्याध्यापक जय भगवान, मुख्याध्यापक रामवतार सिंह, सुनील शर्मा, प्रवीण सहारा, मनजीत जांगड़ा, पूर्व बंसल, राकेश गर्ग, रविंद्र गोयल, सोनू सिंधवानी, रामनिवास, रामस्वरूप, भीम सैन राजौरा, सतीश मंगल, संजय जैन, विकास जैन, प्रदीप सिंगला, नन्द किशोर सैनी, सुधाकर सोनी, जयमल यादव, रणजीत सिंह सोनी, गौरव मंगल सहित मधु बंसल, ज्योति शर्मा, प्रीति गोयल, शान्ति जोशी व अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।

# एबीवीपी ने पहासू पुलिस के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की पहासू नगर इकाई ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर के नाम एसपी देहात को एक ज्ञापन सौंपकर पहासू थाना प्रभारी व कस्बा चौकी इंचार्ज के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। एबीवीपी ने दोनों अधिकारियों पर कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, धमकी देने, और अनावश्यक चालान काटने जैसे कृत्यों में शामिल होने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि पिछले एक महीने से ये अधिकारी अनावश्यक रूप से संगठन के कार्यकताओं को परेशान कर रहे हैं। कार्यकताओं के साथ गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया जाता है जेल भेजने की धमकी दी जाती है कार्यकताओं ने दोनों अधिकारियों के खिलाफ कारवाही की मांग की है संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो दो दिन बाद उग्र आंदोलन किया जाएगा।जिला संयोजक आयुष राघव ने कहा, ₹पुलिस का यह व्यवहार निंदनीय है। हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो हमें मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। ज्ञापन देते समय जिला संयोजक आयुष राघव विभाग संगठन मंत्री कमल, चिंटू कुमार, मीडिया संयोजक प्रशांत आदि मौजूद रहे।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अभियान के तहत संकल्प सिद्ध अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान (उत्तम दीक्षित)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अभियान के तहत संकल्प सिद्धि अभियान के तहत कंचनपुर मंडल मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि अनिल गोयल जिला महामंत्री एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा संयोजक के जी तिवारी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर ने की । इस अवसर पर सर्वप्रथम मां भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का प्रारंभ किया गया

मुख्य अतिथि अनिल गोयल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 9 जून से संकल्प से सिद्धि नामक विशेष जनसंपर्क अभियान शुरू किया गया है इस अभियान के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ तक जाकर के केंद्र की मोदी सरकार 11 वर्षों की उपलब्धियां को आम जनता पहुंचने का कार्य करेंगे साथ ही कांग्रेस शासन के दौरान हुई विफलताओं की जानकारी घर-घर दी जाएगी केंद्र सरकार की योजनाओं नीतियां समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता जानकारी बूथ तक पहुंचाने का कार्य करेंगे 15 से 20 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के तहत मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाएगा जिससे लोगों में स्वास्थ्य और योग के प्रति जागरूकता बड़े 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस और 6 जुलाई को उनकी जयंती का आयोजन कर पार्टी अपने वैचारिक स्तंभों को जन-जन तक ले जाएगी वही 25 जून को आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़े सेनानियों का सम्मान भी किया जाएगा इस अभियान को व्यापक एवं प्रभावी बनाने के लिए बूथ स्तर तक कमेटी का गठन किया गया है विशिष्ट अतिथि के जी तिवारी ने बताया कि 2014 से लेकर अब तक जब से केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनी है तब से गरीब किसान मजदूर एवं युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजना केंद्र सरकार के द्वारा चालू की गई है जिसका लाभ अंतिम व्यक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य केंद्र सरकार कर रही है । स्वच्छ भारतअभियान के तहत घर-घर शौचालय का निर्माण हो प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला गैस कनेक्शन योजना हो किसान सम्मन निधि योजना अनेक प्रकार की योजना केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही है । कार्यशाला के अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष तोमर ने सभी आगंतुकों एवं कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामजी लाल शर्मा, राजकुमार बघेल बच्चन सिंह गुर्जर, मुकेश सोलंकी, हरेंद्र परमार, घूरे परमार, बनवारी जादौन, छोटू शर्मा, दशरथ परमार, सुभाष परमार, गीतेश परमार, लोकेन्द्र उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन चतुर सिंह जाटव ने किया।

# एसीएमएचओ ने किया अस्पतालों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**धौलपुर राजस्थान ( उत्तम दीक्षित)।** बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा रतौंधी सहित अन्य आँखों की बीमारियों से बचाव के लिए से विटामिन ए की दवा पिलाने का विशेष अभियान जिले भर में चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा ने बताया कि इस अभियान के दौरान 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक आंगनबाड़ी केंद्रों सहित जिले के सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पताल पर पिलाई जा रही है। इसके लिए सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारियों तथा एएनएम को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। इसी क्रम में एसीएमएचओ डॉ. गौरव मीणा ने फील्ड में जाकर अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की उन्होंने राजाखेड़ा, मरैना में चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि विटामिन ए की खुराक हर छः माह के अंतराल पर पिलाई जाती हैं उन्होंने बताया कि विटामिन ए आंखों की बीमारियों जैसे रतौंधी व अंधता के साथ साथ बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करने के लिए भी आवश्यक है।

# प्रोफेशनल मीट में मोदी सरकार की 11 वर्षों की गौरवगाथा पर हुआ विमर्श









वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्र की भाजपा सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत की दिशा में तेजी से बढ़ती राष्ट्रयात्रा को जनसामान्य विशेषकर प्रोफेशनल वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा महानगर गाजियाबाद द्वारा प्रोफेशनल मीट (प्रबुद्ध मिलन) कार्यक्रम का भव्य आयोजन जानकी भवन, कविनगर में किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने की, जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, एवं गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल उपस्थित रहे।

**अतुल गर्ग, सांसदः** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने न केवल वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है, बल्कि देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। गरीबों के लिए शौचालय से लेकर आयुष्मान भारत तक, हर योजना ने भारत को सशक्त और स्वाभिमानी राष्ट्र में बदलने का कार्य किया है।

**राजेंद्र अग्रवाल, पूर्व सांसद :** 2014 के पहले और बाद के भारत में जमीन-आसमान का फर्क है। ये 11 वर्ष सिर्फ विकास के आंकड़े नहीं, बल्कि एक संकल्पित नेतृत्व और नीति-निष्ठ प्रशासन की प्रेरणादायक कथा है। डिजिटल इंडिया, इनफ्रास्ट्रक्चर बूम, रक्षा आत्मनिर्भरता जैसे क्षेत्रों में ऐतिहासिक क्रांतियां हुई हैं।

**सुनीता दयाल, महापौरः** गाजियाबाद का शहरी विकास, स्मार्ट सिटी मिशन की प्रगति, स्वच्छ भारत अभियान का प्रभाव झ यह सब प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं का ही परिणाम है। मोदी सरकार ने नारी गरिमा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को मजबूती दी है।

**मयंक गोयल, महानगर अध्यक्षः** भाजपा केवल सत्ता का माध्यम नहीं, यह सेवा का संकल्प है। 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केवल नारा नहीं, धरातल पर लागू कर दिखाया है। प्रोफेशनल वर्ग राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका निभाता है, और इस वर्ग को जोड़ना भाजपा की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, शिक्षक, वकील एवं विभिन्न क्षेत्र के प्रतिष्ठित प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया।

इस दौरान मंचासीन नेतागण में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश अग्रवाल, अमर दत्त शर्मा, विजय मोहन, अजय शर्मा, पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री अशोक गोयल, पूर्व विधायक रूप चौधरी, कार्यक्रम संयोजक रनीता सिंह, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, विनोद कसाना , गुंजन शर्मा सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप खबर

### थार कांड के बाद दिनदहाड़े हत्या , हत्यारे स्कूटी छोड़ फरार, सेक्टर 24 नए थाना प्रभारी को चैलेंज

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा में बुधवार को दिन दहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक मनी एक्सचेंज का काम करता था। हत्यारोपी दिल्ली नंबर की एक स्कूटी को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घनास्थल का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों ने दस लाख रुपए की लूट की आशंका व्यक्त की है। हालांकि पुलिस लूट की बात की पुष्टि नहीं कर रही है। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस के आला अधिकारी जल्द ही हत्यारोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रहे हैं। मामला सेक्टर-24 कोतवाली क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार नोएडा सेक्टर-12 के डब्ल्यू ब्लॉक में अशोक कश्यप का मकान है। उनकी मौत के बाद मकान के भूतल पर उनका बेटा अमित और दूसरी मंजिल पर दूसरा बेटा प्रदीप रहते हैं। पहली मंजिल पर किराएदार रहते हैं। बीते मंगलवार को पवन नामक व्यक्ति उनके मकान की पहली मंजिल को किराए पर लेने आया था। किराया तय होने पर वह बुधवार को आने की बात कहकर चला गया था। पवन बुधवार को अने एक साथी प्रदीप को लेकर एक स्कूटी से लगभग डेढ बजे मकान पर पहुंचा था। दोनों मकान की साफ सफाई करने लगे। लगभग दो बजे उन्होंने अपने एक अन्य साथी ओमपाल भाटी (40) निवासी सिकन्द्राबाद को भी फोन करके बुला लिया। लगभग दो घंटों तक तीनों मकान पर रहे।

### चेकपोस्ट पर व्यापारियों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय व्यापार मंडल की बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोहननगर चेकपोस्ट स्थित राज्य कर विभाग के प्रशिक्षण केंद्र में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय व्यापार मंडल की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराजन से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं और समाधान के सुझावों पर गहन चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी, वरिष्ठ व्यापारी नेता पं. अशोक भारतीय, रितेश शर्मा, सरदार हरमीत बिट्टा सहित अनेक व्यापारी शामिल थे। बैठक में व्यापारियों ने चेकिंग के दौरान उत्पन्न होने वाली कठिनाइयों, भ्रष्टाचार की आशंका, और संवाद की कमी जैसी अहम समस्याओं को खुलकर रखा। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने सुझाव दिया कि मोहननगर चेकपोस्ट पर तैनात मोबाइल वैन / सचल दस्तों को कैमरा युक्त किया जाए, जिससे कार्यवाही की पारदर्शिता बनी रहे और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके।

साथ ही उन्होंने व्यापारी हेल्प डेस्क स्थापित करने की मांग की, जिससे व्यापारियों को त्वरित सहायता मिल सके। जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान यदि असावधानीवश कोई त्रुटि हो जाती है, तो तुरंत कैश जमा कराने का दबाव व्यापारियों के लिए अनुचित होता है।

## जातिसूचक टिप्पणियों और जान से मारने की धमकी से दहशत

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में क्रिकेट सट्टे के खिलाफ शिकायत करना एक युवक के लिए बेहद खतरनाक साबित हुआ। गोविंदपुरी निवासी दीपक कर्दम, जिन्होंने कुछ दिन पहले क्रिकेट सट्टे और महिलाओं से धोखाधड़ी की गतिविधियों का खुलासा मोदीनगर पुलिस के सामने किया था, अब खुद अपराधियों के निशाने पर आ गए हैं। सोमवार को बाजार के लिए निकले दीपक का कुछ सटोरियों ने जबरन अपहरण कर लिया। आरोपियों ने उन्हें एक कार में बंद कर बेरहमी से पीटा और जातिसूचक टिप्पणियां करते हुए धमकी दी कि यदि उन्होंने अपनी शिकायत वापस नहीं ली, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। किसी तरह दीपक जान बचाकर वहां से भागने में कामयाब हुए। इस हमले के बाद से दीपक मानसिक रूप से बेहद भयभीत हैं और लगातार डर के माहौल में जी रहे हैं। उन्होंने घटना की शिकायत थाने में दर्ज कराई है।

## टाइल्स पत्थर ठेकेदार निकला लूट का मास्टरमाइंड , निवाड़ी पुलिस के 1 चढ़ा हत्थे, दूसरा फरार

वेलकम इंडिया



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाजियाबाद मोदीनगर की थाना निवाड़ी पुलिस ने बुधवार को 15 दिन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली की फैक्टरी में हुई लूट का खुलासा कर दिया। लूट पालिकाध्यक्ष के यहां टाइल्स-पत्थर का काम करने वाले ठेकेदार शान मोहम्मद उर्फ सोनू ने साथी कारीगर अलीशान के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने बुधवार शाम मुठभेड़ के बाद लुटेरे शान मोहम्मद उर्फ सोनू को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से शान मोहम्मद घायल हो गया, जबकि उसका साथी लुटेरा अलीशान पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस ने शान मोहम्मद के कब्जे से 9.14 लाख की नकदी व 15 लाख से अधिक कीमत के गहने बरामद किए हैं। कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि घटना के खुलासे में पुलिस की छह टीमें लगी थीं। बुधवार शाम पुलिस टीम को पालिका अध्यक्ष की फैक्टरी में लूट करने वाले लुटेरों की बाइक से मोदीनगर निवाड़ी मार्ग की तरफ जाने की सूचना मिली। जानकारी के बाद पुलिस टीमें लुटेरों की घेराबंदी में लग गईं। इसी दौरान पुलिस को बाइक सवार दो संदिग्ध दिखे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया तो आरोपी पुलिस पर फायरिंग करते हुए जीडीए की निमार्णाधीन आवासीय कॉलोनी की तरफ भाग निकले। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पैर में गोली लगने से एक लुटेरा घायल हो गया, जबकि दूसरा लुटेरा भागने में कामयाब रहा। पूछताछ में पकड़े गए लुटेरे ने अपना नाम शान मोहम्मद उर्फ सोनू निवासी वार्ड नंबर आठ सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ बताया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटी गई 9.14 लाख की नकदी और 15 लाख के सोने व चांदी के गहने, तमंचा और लूट में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में लुटेरे शान मोहम्मद ने बताया कि उसने और अलीशान ने फैक्टरी की रेकी करने के बाद लूट को अंजाम दिया था।

## एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट प्रशिक्षण योजना के लिए आवेदन शुरू

**गाजियाबाद।** जनपद में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) टूलकिट प्रशिक्षण योजना के तहत युवाओं और इच्छुक लाभार्थियों के लिए सुनहरा अवसर उपलब्ध है। उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य यांत्रिकी उत्पाद, अन्य मेटल उत्पाद और टेक्सटाइल व एपरल उत्पादों से जुड़े तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से कुशल कार्यबल तैयार करना है। इस योजना के तहत लाभार्थियों को 10 दिन का कौशल और उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक लाभार्थी को एक टूलकिट वितरित की जाएगी और 2000 का मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जलपान और खान-पान की भी सुविधा दी जाएगी। योजना की एक और विशेषता यह है कि प्रशिक्षण लेने के बाद इच्छुक लाभार्थियों को 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण भी प्रदान किया जाएगा।

## मानसून से पहले नालियों और तालाबों की हालत सुधारे प्रशासन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जल शक्ति अभियान कैच द रेन के अंतर्गत केंद्रीय नोडल अधिकारी अमित राज, निदेशक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले सभी जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की मरम्मत और सफाई पूरी कर ली जाए। अमित राज ने बताया कि 09 से 11 जून 2025 तक जिले में 18 जल संरचनाओं का निरीक्षण किया गया, जिनमें वन विभाग की दो, उद्यान विभाग की एक, जल जीवन मिशन की एक, छत वर्षा जल संचयन प्रणाली की पांच, छह तालाब और सीवेज उपचार संयंत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जल निकायों का निर्माण तो उचित ढंग से किया गया है, परंतु तालाबों के पास कूड़ा-करकट की सफाई अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, गांवों का गंदा पानी सीधे जल निकायों में न जाए, इसके लिए उपचारित जल ही छोड़ा जाए। कुछ तालाबों की नालियां टूटी हुई मिलीं, जिनकी मरम्मत अविलंब की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकांश जल निकाय सूखे हुए हैं, जिन्हें भरने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। छत वर्षा जल संचयन प्रणाली की नियमित मरम्मत और छतों की सफाई भी जरूरी है। इंदिरापुरम स्थित 40 एमएलडी उपचार संयंत्र को सराहनीय बताते हुए उन्होंने उद्योगों से अपील की कि जल उपयोग की मात्रा को 12 एमएलडी से बढ़ाकर 40 एमएलडी तक किया जाए। इसके अतिरिक्त उन्होंने जुलाई 2025 में प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम को इस प्रकार संचालित करने की सलाह दी, जिससे बरसात के बाद भी अधिकतम पौधे जीवित रह सकें। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने भरोसा दिलाया कि निरीक्षण के दौरान पाई गई सभी कमियों को संबंधित विभागों द्वारा मानसून से पूर्व दूर कर लिया जाएगा। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल संरक्षण संबंधी समस्त कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं।

## राष्ट्रीय लोकदल की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में राष्ट्रीय लोकदल की नई जिला कमेटी की बुधवार को घोषणा कर दी गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की संस्तुति पर यह सूची जारी की गई, जिसमें विभिन्न पदों पर नए चेहरों के साथ अनुभवी कार्यकताओं को भी जगह दी गई है। पहले से ही घोषित जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी की अगुवाई में यह टीम आगामी चुनावों और संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का काम करेगी। घोषित सूची में जिला उपाध्यक्ष पद पर रवि वाल्मीकि, अमित त्यागी, योगेश कुमार, मनोज राठी, प्रदीप मुखिया और विनोद गौतम को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं जिला महासचिव के रूप में रणजीत सिंह, ललित सैन, प्रदीप त्यागी, इरशाद रंगरेज, चन्दरपाल, जयवीर सिंह नेडरा, दीपू शर्मा, मनवीर बंसल और मूनेन्द्र विनायक की नियुक्ति की गई है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी तुषार बंसल को सौंपी गई है, जबकि जिला सचिव के रूप में इश्तखार, मनीष चौधरी, रिषीपाल, संजय सिंह जाअव, दिनेश शर्मा, विनोद चौधरी, सत्यपाल चौधरी, विशाल सिंह, विपिन तोमर, वेदप्रकाश प्रजापति, अक्षित त्यागी, लोकेश कटारिया, करण बोबी, विकास नरेश, सतबीर प्रजापति, मुहम्मद नफीस, आकाश प्रधान, दीपक चौधरी, देवा, हाजी असलम खां, विनोद चौधरी और रवि हरित को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर जितेन्द्र मोनू, मुन्ना खान, विनोद शर्मा, सत्तार अहमद, रणवीर मलिक, सतवीर प्रजापति, आमीर सेफी, विजय पाल शर्मा, इरफान, राहुल, मुनीवर बिल्ला, प्रेम सिंह यादव, वीरेन्द्र कुमार डागर, दीपक नेहरा, राजेन्द्र सिंह जिलेदार, विजेन्द्र सिंह, कोमल चौधरी आदि रहे।

## नोएडा डीएम के निर्देश लिफ्ट एक्ट के मुताबिक चलना होगा नहीं तो वसूला जाएगा जुमार्ना

वेलकम इंडिया





**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर।** नोएडा में लिफ्ट लिफ्ट एंड एस्कलेटर एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों से अब जुमार्ना वसूला जाएगा। बुधवार को डीएम मनीष कुमार वर्मा ने आरडब्ल्यूए के बैठक कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि लिफ्ट रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 15 मई रखी थी। इसके एक माह के बाद भी रजिस्ट्रेशन न कराने पर अब प्रति लिफ्ट 10 हजार जुमार्ना वसूला जाएगा। जानकारी के मुताबिक, लिफ्ट एक्ट लागू होने के बाद भी जिले के लोग पंजीकरण करवाने में लापरवाही बरत रहे हैं। जिले में करीब 600 सोसायटियों में करीब 10 लाख आबादी रहती है। अलग-अलग ग्रुप हाउसिंग परियोजना, कंपनी, फैक्ट्री व निजी घरों में एक लाख से अधिक लिफ्ट संचालित हैं। इनमें से अब तक सिर्फ 7700 लिफ्ट का रजिस्ट्रेशन हुआ है। प्रशासन द्वारा लिफ्ट पंजीकरण की समय सीमा 15 मई रखी थी। इसके एक माह के बाद भी पंजीकरण न कराने पर अब प्रति लिफ्ट 10 हजार जुमार्ना वसूला जाएगा। सूत्र कहते है कि जिले में दस्तावेजों का अभाव और कार्रवाई न होने से पंजीकरण नहीं हो रहा है। कुछ सोसायटियों के लोग आपस में चर्चा कर रहे है कि कई बार ऑनलाइन अप्लाई किया गया है, लेकिन हर बार फाइल रिजेक्ट हो रही है। इसकी शिकायत प्रशासन की गई है। ऐसे में प्रशासन की तरफ से जुमार्ना वसूल करने का फैसला समझ से परे है। प्रशासन को पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इसके बाद अगर कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराता है तो जुमार्ना वसूला जाए। प्रशासन के मुताबिक, 15 मई के बाद सात दिन की देरी पर 100 रुपये प्रतिदिन, सात दिन से ऊपर 15 दिन तक 200 रुपये प्रतिदिन, 15 दिन से अधिक व 30 दिन तक 500 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क वसूला जाएगा। एक माह से ज्यादा देरी हुई तो लिफ्ट या एस्कलेटर का संचालन बंद कर दिया जाएगा। 10 हजार रुपये जुमार्ना वसूलने के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाएगी।